


RNINo.UPHIN/2016/70293



हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र

# अमिट रेखा

वर्ष 05 | अंक 107 | कुशीनगर | सोमवार 15 फरवरी, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रूपये

# पीएम ने देश को दिए स्वदेशी टैंक

## नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में सेना को सौंपे 118 अर्जुन टैंक, 8400 करोड़ की लागत से DRDO ने तैयार किए



चेन्नई,(एजेंसी)। चीन और पाकिस्तान के साथ दोनों मोर्चों पर तनाव के बीच भारतीय सेना की ताकत बढ़ेगी। रविवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन मार्क 1 ए को राष्ट्र को समर्पित किया। तमिलनाडु और केरल के दौरे पर पीएम मोदी ने स्वदेशी अर्जुन मेन बैटल टैंक (एमके–1ए) चेन्नई में सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे को सौंपा। इसके बाद पीएम मोदी ने तमिलनाडु में एक के बाद एक कई विकास परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने चेन्नई मेट्रो प्रोजेक्ट फेज–1 एक्सटेंशन का उद्घाटन भी किया। पीएम मोदी ने तमिलनाडु में योजनाओं की शुरूआत के बाद कहा, श्आज चेन्नई से हम ई–इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट शुरू कर रहे हैं, ये प्रोजेक्ट इनोवेशन और स्वदेशी विकास के प्रतीक हैं। इनसे तमिलनाडु का और विकास होगाश। उन्होंने बताया कि चेन्नई मेट्रो का तेजी से विकास हो रहा है, इस साल के बजट में इस प्रोजेक्ट के दूसरे चरण के लिए 63,000 करोड़ से ज्यादा रुपये आवंटित किए गए हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने पुलवामा के शहीदों को भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, श्दो साल पहले पुलवामा हमला हुआ था। हम उस हमले में जान गंवाने वाले अपने सभी शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं, हमें अपने सुरक्षा बलों पर गर्व है। उनकी बहादुरी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।श प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईआईटी मद्रास के डिस्कवरी कैंपस की आधारशिला रखी। यह कैंपस चेन्नई के पास थय्युर में बनाया जाएगा। पहले चरण में 2 लाख वर्ग मीटर से अधिक एरिया में बनने वाले इस कैंपस के निर्माण में 1000 करोड़ रुपये की लागत आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रैंड एनीकट नहर प्रणाली के विस्तार, नवीनीकरण और आधुनिकीकरण की आधारशिला रखी। इस नहर का आधुनिकीकरण 2,640 करोड़ रुपये की लागत से होगा, जिससे नहरों में जल वहन करने की क्षमता बढ़ेगी। अर्जुन टैंक पर पीएम मोदी ने कहा, श्मुझे स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए और बनाए गए अर्जुन मेन बैटल टैंक(एमके–1ए) को सौंपते हुए गर्व है। ये स्वदेशी गोलाबारूद का भी इस्तेमाल करता है। तमिलनाडु पहले ही भारत का ऑटोमोबाइल निर्माण का हब है,अब मैं तमिलनाडु को भारत के टैंक निर्माण के हब के रूप में विकसित होते देखता हूं।श अर्जुन टैंक की खासियत क्या है? 8 हजार 400 करोड़ रुपये की कीमत वाले इस टैंक को पूरी तरह भारत में बनाया गया है। ये 118 टैंक सेना के पहले बैच में शामिल होंगे। अर्जुन श्रेणी के काफी टैंक पहले ही पश्चिम रेगिस्तान में पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात हैं। इन 118 अर्जुन टैंक से सेना में बख्तरबंद कोर में दो रेजिमेंट बनाई जाएगी। डीआरडीओ पिछले कुछ समय से अर्जुन मार्क 1 ए युद्धक टैंक का विकास कर रहा है। इस टैंक का डिजाइन डीआरडीओ के लड़ाकू वाहन अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (सीवीआरडीई) ने तैयार किया है। करीब ढाई साल पहले अर्जुन टैंक ने नए संस्करणों की सप्लाई के लिए कांट्रेक्ट साइन किया गया था। इन्हीं में से 5 टैंक रविवार को पीएम के हाथों सेना के सुपुर्द किए जाने थे। इतना ही नहीं, पीएम मोदी ने इस दौरे पर चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना के पहले चरण का शुभारंभ किया। इस विस्तारित परियोजना को पूरा करने में 3,770 करोड़ रुपये की लागत आई है। यह उत्तरी चेन्नई को हवाईअड्डे तथा रेलवे स्टेशन से जोड़ेगी। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने चेन्नई समुद्र तट और अट्टीपट्टू के बीच चौथी रेल लाइन का भी उद्घाटन किया। बता दें कि तमिलनाडु और केरल में इस अप्रैल–मई में विधानसभा चुनाव होना है।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की तरफ से जम्मू में 100 मीटर लंबी तिरंगा रैली निकाली गई। इस रैली के जरिए एबीवीपी द्वारा पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें जमकर देश के जयकारे लगाए गए।

## किसान आंदोलन की विश्वसनीयता खत्म करने के लिए 26 जनवरी को हिंसा कराई गईः पवार




सोलापुर/पुणे,(एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी की परोक्ष रूप से आलोचना करते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को दावा किया कि नई दिल्ली में 26 जनवरी को ट्रैक्टर परेड के दौरान हुई हिंसा में सत्ताधारी दल के नजदीकी लोग शामिल थे। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन की विश्वसनीयता खत्म करने के लिए हिंसा कराई गई थी। पवार ने यहां एक कार्यक्रम में किसानों की मांग न मानने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, ''हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के किसान (दिल्ली बॉर्डर पर) शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे हैं। किसी किसान ने कानून हाथ में नहीं लिया। आंदोलन की विश्वसनीयता समाप्त करने के लिए एक घटना (26 जनवरी की) हुई। उसमें किसान शामिल नहीं थे। शिकायतों के अनुसार, हिंसा में शामिल लोग सत्ताधारी पार्टी से जुड़े थे।

## भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 12,194 नए मामले, 92 और लोगों की मौत

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 12,194 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमण के मामलों की कुल संख्या बढ़कर 1.09 करोड़ हो गई है जबकि इस महीने आठवीं बार महामारी से एक दिन में सौ से कम लोगों की मौत हुई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी किये गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। सुबह आठ बजे तक अद्यतन किये गए इन आंकड़ों के अनुसार कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों की कुल संख्या1,09,04,940 है। 92 और रोगियों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 1,55,642 हो गई है। आंकड़ों के अनुसार 1,06,11,731 लोग संक्रमण से उबर चुके हैं, जिसके बाद कोविड–19 से उबरने की राष्ट्रीय दर 97.31 प्रतिशत हो गई है जबकि मृत्युदर 1.43 प्रतिशत है। कोविड–19 के उपचाराधीन रोगियों की संख्या 1. 5 लाख से कम है। आंकड़ों के अनुसार भारत में सात अगस्त 2020 को संक्रमित लोगों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख और 19 दिसम्बरको एक करोड़ के पार चले गए थे। आईसीएमआर के अनुसार 13 फरवरी तक 20,62,30,512 नमूनों की जांच की जा चुकी है। शनिवार को 6,97,114 नमूनों की जांच की गई।



### असम की रैली में राहुल गांधी का करारा वार, बोले...

## हम दो, हमारे दो सुन लें, कभी लागू नहीं होने देंगे सीएए

दिसपुर,(एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने असम के शिवसागर में रविवार को आयोजित रैली में कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत असम को तोड़ नहीं सकती है। इस दौरान, कांग्रेस नेता ने अपने गले में एक गमछा भी पहन रखा था, जिस पर सीएए लिखा हुआ था और उसे क्रॉस से कट किया गया था। उन्होंने दावा किया कि राज्य में किसी भी सूरत में सीएए को लागू नहीं होने देंगे। मालूम हो कि असम में कुछ महीनों के बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। केरल के वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने कहा, श्दुनिया की कोई भी ताकत असम को नहीं तोड़ सकती है। जो भी असम समझौते को छूने या नफरत फैलाने की कोशिश करेगा, कांग्रेस पार्टी और असम के लोग उन्हें एक साथ सबक सिखाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने असम के लोगों को एकजुट किया है। इससे पहले हिंसा के चलते इस बात की कोई गारंटी नहीं हुआ करती थी कि कोई व्यक्ति जनसभा से घर वापस लौट पाएगा कि नहीं। उन्होंने आगे कहा कि मैं और कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता असम समझौते के सिद्धांतों की रक्षा करेंगे, हम इससे एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगे। राहुल गांधी ने बीजेपी, आरएसएस पर असम को बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह इससे प्रभावित नहीं होंगे, लेकिन असम और पूरा देश इससे प्रभावित होगा। कभी लागू नहीं होने देंगे CAA असम की रैली में गरजते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हम दो, हमारे दो वाले सुन लें। हम कभी भी सीएए को लागू नहीं होने देंगे। उन्होंने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि उनका सिस्टम बहुत सरल है।



## मुझे और मेरे परिवार को किया गया नजरबंदः उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर,(एजेंसी)। नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने रविवार को दावा किया कि उन्हें और उनके पिता एवं सांसद फारूक अब्दुल्ला समेत उनके परिवार को प्राधिकारियों ने नजरबंद कर दिया है। उमर ने ट्वीट किया, ''यह अगस्त 2019 के बाद नया जम्मू कश्मीर है। हमें बिना कोई कारण बताए, हमारे घरों में बंद कर दिया गया है। इससे बुरा और क्या हो सकता है कि उन्होंने मुझे और मेरे पिता (मौजूदा सांसद) को हमारे घर में बंद कर दिया है, उन्होंने मेरी बहन और उनके बच्चों को भी उनके घर में बंद कर दिया है।'' जम्मू–कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें यहां शहर के गुपकर इलाके में उनके आवास के मुख्य द्वार के बाहर पुलिस की गाड़ियां खड़ी दिख रही हैं। उमर ने आरोप लगाया कि उनके घर में काम करने वाले लोगों को भी अंदर नहीं आने दिया जा रहा। उन्होंने एक अन्य ट्वीट किया, ''चलो, लोकतंत्र के आपके नए मॉडल का मतलब है कि हमें कोई कारण बताए बिना हमारे घरों में बंद रखा जाए और हमारे घर में काम करने वाले कर्मियों को भी अंदर आने की अनुमति नहीं जाए। इसके बाद भी, आपको इस बात पर हैरानी होती है कि मुझमें अब भी गुस्सा और कड़वाहट है।'' इससे पहले, पीडीपी अध्यक्ष एवं जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भी शनिवार को दावा किया था।




## मुझे उस बात के चलते खरोंच आई जो मैंने की तक नहीं थीः मुनव्वर फारुकी

नई दिल्ली,(एजेंसी)। कला और मनोरंजन के क्षेत्रों को लोगों को आपस में जोड़ने का जरिया बताते हुए हास्य कलाकार मुनव्वर फारुकी ने कहा है कि वह हमेशा दर्शकों को हंसाकर उन्हें खुश करना चाहते हैं और उनका यह इरादा कभी नहीं रहा कि उनके चुटकुलों से किसी भी व्यक्ति का दिल दुखे। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत के तहत यहां केंद्रीय जेल में 35 दिन गुजारने वाले 32 वर्षीय फारुकी ने यह भी कहा कि इंटरनेट पर "लड़ाई–झगड़े की भेड़चाल" और "सियासत" के चलते उन्हें उस बात की वजह से "खरोंच" आई जो उन्होंने की तक नहीं थी। हास्य कलाकार ने अपने यूट्यूब खाते पर शनिवार देर रात जारी वीडियो में ये बातें कहीं। यह उच्चतम न्यायालय से मिली अंतरिम जमानत पर उनकी जेल से रिहाई के बाद इस खाते पर डाला गया पहला वीडियो है। उन्हें बेहद नाटकीय घटनाक्रम के दौरान छह फरवरी की देर रात मीडिया की निगाहों से बचाते हुए जेल से रिहा किया गया था। इंदौर और प्रयागराज में दर्ज आपराधिक मामलों में हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के एक जैसे आरोपों का सामना कर रहे फारुकी ने हालांकि 10 मिनट 32 सेकंड के यूट्यूब वीडियो में इन प्रकरणों का सीधा जिक्र नहीं किया। लेकिन खुलकर अपना पक्ष रखा।



## तपोवन सुरंग से दो शव बरामद, कुल मृतक संख्या 40 पहुंची

देहरादून/तपोवन,(एजेंसी)। उत्तराखंड की आपदाग्रस्त तपोवन सुरंग में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए चलाए जा रहे बचाव अभियान के आठवें दिन रविवार को तड़के दो शव बरामद हो गए। चमोली की जिलाधिकारी स्वाति भदौरिया ने बताया कि सुरंग के अंदर से तड़के दो शव बरामद हुए हैं। पिछले एक सप्ताह से सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा प्रतिवादन बल और भारत तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सुरंग में चलाए जा रहे बचाव अभियान के दौरान ये शव बरामद हुए हैं। एनटीपीसी के 520 मेगावाट तपोवनकृविष्णुगाड जलविद्युत परियोजना की इस सुरंग में आपदा के समय काम कर रहे 25–35 लोग फंसे हुए हैं। रविवार तड़के मिले दोनों शवों की पहचान हो गयी है जिनमें से एक टिहरी जिले के नरेंद्रनगर के रहने वाले आलम सिंह तथा दूसरा देहरादून के कालसी के रहने वाले अनिल का है। सात फरवरी को चमोली की ऋषिगंगा घाटी में आई बाढ़ में आपदा ग्रस्त स्थानों से अब तक 40 लोगों।



## हरियाणा के मंत्री बोले- किसान अगर घर पर होते तो मौतें नहीं होतीं

नई दिल्ली,(एजेंसी)।किसान आंदोलन का आज यानी रविवार को 81वां दिन है। इस बीच, हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर किसान घर पर होते तो उनकी मौत नहीं होतीं। क्या 6 महीने में 200 लोग भी नहीं मरेंगे? किसानों की मौतें उनकी इच्छा से हुई है। हालांकि बाद में दलाल ने सफाई भी दी कि उनके बयान को तोड़–मरोड़कर पेश किया गया। उधर, दिल्ली में 26 जनवरी की हिंसा और फिर आंदोलन स्थलों पर हुई पत्थरबाजी के बाद किसान संयुक्त मोर्चा ने अंदरूनी निगरानी बढ़ा दी है। इसके लिए 150 के करीब वॉलंटियर लाठी और वॉकी टॉकी के साथ जगह–जगह तैनात हैं। वही पूरे दिन ट्रैफिक व्यवस्था भी संभालते हैं। पिछले दिनों बंद रहे इंटरनेट को देखते व्यवस्था के लिए कम्युनिकेशन सिस्टम दुरुस्त किया गया है। रेल रोको आंदोलन के लिए बटालियन बुलाई वहीं, दूसरी ओर तीनों कृषि कानूनों की मांग को लेकर कुंडली बॉर्डर पर बैठे किसान अब सरकार पर दबाव बनाने के लिए 18 फरवरी को देशभर में रेल रोको आंदोलन करेंगे। ऐसे में रेलवे प्रशासन ने सोनीपत रेलवे स्टेशन परिसर और रेलवे ट्रैक पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। दो रिजर्व बटालियन बुलाई हैं। 4 घंटे के लिए रेल रोको आंदोलन को लेकर भी रणनीतियां बनाई जा रही हैं। धरनास्थलों पर बैठे किसान आंदोलन को लेकर सरकार पर दबाव बढ़ाने के लिए और तेज करने की रणनीतियां बना रहे हैं।



## हरदोई सीतापुर जाने वाली रोडवेज बसों में आपस में हुई जोरदार टक्कर

अमित रेखा हरदोई। घना कोहरा होने की वजह से सीतापुर



डिपो की बस हरदोई डिपो की बस से टकरा गई, कोहरा होने के कारण बसों की स्पीड थी काफी कम, जिससे दोनों बसों में बैठी सवारियां हैं सुरक्षित, सीतापुर रोडवेज की बस सवारियां लेकर हरदोई आ रही थी तभी बंजर बाबा सीतापुर रोड पर हरदोई डिपो की बस से टकरा गई, एआरएम आरबी यादव ने बताया कि बस में बैठी किसी भी सवारी को चोट नहीं लगी है, सभी सवारियां सुरक्षित हैं।

## इंटर के छात्र ने छप्पर के बरेंड़ में फांसी के फंदे के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में झूलती हुई मिली लाश

अमित रेखा अजय कुमार सिंह

तारून अयोध्या। छप्पर में सोने गये भदारखुर्द निवासी इंटर के छात्र की शुक्रवार की भोर साड़ी के कपड़े के सहारे छप्पर की बरेंड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लटकी लाश देख परिजन सहित ग्रामवासी हैरत में पड़ गये। अभी यह पूरा प्रकरण हत्या आत्म हत्या के बीच उलझा हुआ है। भोर में जानवरो को छप्पर में चारा लाने गये युवक के पिता गयादीन ने देखी पुत्र की छप्पर में लटकी लाश। बताया गया कि तारुन थाना क्षेत्र के भदारखुर्द निवासी उमेश निषाद पुत्र गयादीन 18 वर्ष रोज की भांति खाना खाकर घर से थोड़ी दूर स्थित छप्पर में सोने चला जाया करता था। वहां मबेशियो के लिए चारा काटा जाता है ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लाश युवक की चारपाई के बगल ही छप्पर के बरेंड़ से लटकी हुई थी। गुरुवार को वह नंसा पडेलवा मार्ग पर स्थित सनराइज इंटर कालेज में फिजिक्स की प्रेटकल परीक्षा देकर घर आया था। घटना की सूचना पर पहुँची इलाकाई पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही सुलझेगा युवक की मौत के राज से पर्दा।

## आईजी की कड़ी फटकार के बाद पुलिस ने 11 दिन बाद दर्ज की रिपोर्ट

अमित रेखा अजय कुमार

तारून अयोध्या। आईजी के कड़ी फटकार के 11 दिन बाद तारुन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। मामला तारुन बाजार में दुकान में घुसकर तोड़फोड़ करने के साथ विरोध पर पिटाई का है । पीड़ित जयराम गुप्ता ने आरोप लगाया कि बाजार में आबादी कि जमीन है जिस पर नीम, कोठ आदि के पेड़ लगे हुए हैं। इस जमीन को कब्जा करने की नियत से 30 जनवरी को लक्ष्मी सिंह सहित परिवार के लोगों ने उसकी दुकान पर पहुंच कर भद्दी – बद्दी गालियां दी। लाठी डंडे आदि से पीटने लगे उसने दुकान में घुसकर जान बचाने की कोशिश की । तो आरोपियों ने दुकान में घुसकर मारा पीटा और दुकान का समान भी नस्ट कर दिया पत्नी वा बच्चे जब बचाने के लिए दौड़े तो उन्हे भी मारने पीटने लगे और जान से मारने की धमकी भी दी और मारने तुरंत वहां से भाग गए मामले की तहरीर लेकर पीड़ित जब थाने पर गया तो पुलिस ने हवालात में बंद करने की धमकी देकर उसे भगा दिया। जिसकी शिकायत उसने पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या मंडल डॉक्टर संजीव गुप्ता से की थाना प्रभारी ने बताया कि विपक्षी के खिलाफ धारा 147, 323, 504, 427, 452, 506 रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## निचलौल थाना बुढाडीह खुर्द में 22 लोगों पर दर्ज हुवा मुकदमा अमित रेखा सुनील पांडेय




ब्यूरो महराजगंज। महराजगंज जिले के निचलौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुढाडीह खुर्द में शनिवार को सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने के मामले में पुलिस ने हल्का लेखपाल की तहरीर के आधार पर ईश्वर समेत 22 नामजद लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक बुढाडीह खुर्द गांव की हल्का लेखपाल गजेंद्र भारती ने पुलिस को तहरीर देकर 22 नामजद लोगों के खिलाफ सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध कार्यवाही की मांग की थी इस मामले में हल्का लेखपाल के तहरीर के आधार पर ईश्वर, देवनाथ, जन्त तिवारी, राजन तिवारी, संतोष तिवारी, विजय तिवारी, गोरखनाथ, नियामक, सुल्तान, क्यास चौधरी, हरी, शोभा, चोकट, रामनिवास, योगेंद्र, कतवारू, उमा, टुअर, प्रभु, उमेश यादव, रमेश, रामसमुझ के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है वह इस मामले की जांच उपनिरीक्षक जितेंद्र यादव को सौंपी गई है।

## मजदूरी न मिलने से लेवर परेसान, ठक्‍ मौन

अमित रेखा – रमेश जायसवाल

हाटा – कुशीनगर। मामला जनपद के हाटा ब्लाक का है ।लगभग एक महीने से हाटा ब्लाक में मनरेगा मजदूरों के मजदूरी का भुगतान नही हो पा रहा है मजदूर भुखमरी के कगार पर आ गए है ।हाटा ब्लाक के ठक्‍ को इस बात की कोई चिंता नही है की मजदूरो का भुगतान कब तक होगा। यह बात इनकी नाकामी को दर्साता है।एक महीने से भुगतान नही होने से मजदूरो में आक्रोश ब्याप्त है।हाटा ब्लाक के मजदूर मजदूरी न मिलने के कारण ठक्‍ साहब का घेराव भी कर सकते है।

## नवागत एडीजी अखिल कुमार स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाते हुए नमामि गंगे रामगढ़ ताल को कराया साफ-सफाई

अमित रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। नवागत अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार नारी शक्ति के द्वारा जल शक्ति रामगढ़ ताल नौकायन के आसपास श्रमदान कर अपने सहयोगी अधिकारियों तथा 108 महिला रिक्रूट जवानों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छता मिशन को आगे बढ़ाने का कार्य कार्यभार ग्रहण करने के प्रथम दिन स्वच्छता अभियान चलाकर शुरुआत की इस मौके पर पुलिस महानिदेशक राजेश मोदक डी राव पुलिस अधीक्षक नगरध कार्यवाहक एसएसपी सोनम कुमार सहायक पुलिस अध ीक्षकध सीओ कैम्पियरगं राहुल भाटी सीओ केंट सुमित शुक्ला सीओ ट्रैफीक नीतेश कुमार सिंह प्रतिसार निरीक्षक उमेश दुबे आरडीसी प्रभारी अजय कुमार मौर्य चोकी प्रभारी अंजनी कुमार यादव सहित आरटीसी व लाइन के स्टाफ अन्य मौजूद रहे।

## जगलीनाथ बाबा स्थान पर विवाह भवन बनाने की माँग

अमित रेखा दिनेश गुप्ता

भटनी देवरिया। भटनी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनकटा





तिवारी मे स्थित बाबा जगलीनाथ स्थान पर विवाह भवन बनाने की माँग शुरू हो गयी है इस बावक बनकटा तिवारी निवासी वकील मंसूरी ने मुख्य विकास अधिकारी देवरिया को भेजे गये अपने पत्र मे कहा है कि बाबा जगलीनाथ स्थान पर क्षेत्र सहित तमाम जगहो से पुजा पाठ के लिए लोग आते जाते रहते है ऐसे स्थान पर अगर विवाह भवन का निर्माण हो जाता है तो मांगलिक कार्यो के लिए लोगो को काफी सहूलियत मिलती और गरीब मजदूर तबके के लोगो के लड़के व लड़कियो की शादी कम खरच मे समपन्न हो जाती।

## कसया नगर निगम के कर्मचारियों के लापरवाही से पेयजल का स्थान बना कचरा का ढेर



अमित रेखा – निखिल कुमारध स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर । जनपद के कसया कुशीनगर रामकोला रोड पर स्थित पीने की पानी का टंकी लगा है जो बरसों पुराना है ।और वही बगल में बस स्टैंड टेंपो स्टैंड भी है आने जाने वाले यात्रियों को पेयजल की सुविधा के लिए नगर निगम ने पानी की टंकी तो लगा दी है लेकिन साफ सफाई को लेकर बहुत ही कमजोर दिख रही है जहां सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर विकास कार्यों को पूरा कर रही है वही कुछ लापरवाह कर्मचारियों के चलते लोग दूषित पानी पीकर बीमारियों को दावत दे रहे हैं मिली जानकारी के मुताबिक और स्थानीय लोगों से बातचीत करने पर पता चला कि यह सालों पुराना पानी का टंकी बना है लेकिन टंकी में टूटी नहीं है और ना ही साफ–सफाई है वही टैक्सी स्टैंड वालों ने अपने तरफ से एक चोटी लगा रखी है बाकी तीन चोटियों में लकड़ी घुसा कर बंद किया गया है लोगों का कहना है कि वहां साफ सफाई करने कोई क्रम कोई सफाई कर्मी भी नहीं आता है इसे साफ पता चलता है कि सरकार के सारे नीतियों पर पानी फेर रहे कर्मचारियों को किसी बात की कोई परवाह नहीं है यात्री दूषित पानी पीकर बीमार भी पड़ सकते हैं आला अधिकारी इसे संज्ञान में लेकर सख्त से सख्त कार्रवाई करें ताकि लोगों में एक सही संदेश जाए और साफ सफाई हमेशा बनी रहे।

## सार्वजनिक शौचालय के गंदगी से अगल बगल के दुकानदार परेशान

*गंदगी और सफाई ना होने के कारण कई बीमारियों का दावत दे रहा है सार्वजनिक शौचालय*



अमित रेखा – निखिल कुमारध स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। जनपद के कसया कुशीनगर के तहसील के बगल में बने सार्वजनिक शौचालय जो कई वर्षों से बना पड़ा हुआ है लेकिन साफ सफाई को लेकर कोसों दूर है आपको बताते चलें कि लगभग कई साल पुराना सार्वजनिक शौचालय बंद हो गया है लेकिन सफाई के नाम पर कुछ नहीं है वहां अगल–बगल के दुकानदारों से बातचीत करने पर पता चला कि महीने 2 महीने कभी कभार साफ सफाई हो जाती है इस बीच कई महीनों से साफ सफाई नहीं हो रही है वही लोग आते हैं और गंदगी करके चले जाते हैं ना ही नगर निगम के ना ही कोई सफाई कर्मी आता है सफाई भी नहीं होती है जिसकी बेहद खराब बदबू दुकानदारों को झेलना पड़ता है आपको बताते चलें कि नहीं वहां पानी की टंकी लगी है नहीं फिनायल की गोली पड़ती है ना ही किसी प्रकार की वहां कोई साफ–सफाई है इससे साफ पता चलता है कि नगर निगम और सफाई कर्मियों की लापरवाही से आम लोगों को कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और गंदगी से बीमारियों का जड़ पनप रहे हैं जहां सरकार बड़े बड़े वादे करती है और स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश में सफाई की प्रेरणा देती है उसी में से एक कसया तहसील के बगल मैं बने सार्वजनिक शौचालय अपनी हकीकत बयां कर रहा है सरकार के सारे नीतियों पर पानी फेर रहे यह लापरवाह कर्मचारी अब देखना है की किस प्रकार से नगर निगम या प्रशासन हैंडल करती है।

## आत्मघाती हमले में शहीद जवनों को दी गई श्रद्धांजलि

अमित रेखा परवेज आलम

हतवा भटनी। स्थानीय नगर पंचायत भटनी के0 के0 पब्लिक एकेडमी में पुलवामा में हुए आत्मघाती हमले में शहीद जवनों की दूसरी बरसी मनाई। विद्यालय के प्रबंधक बी के श्रीवास्तव ने बताया की आज का दिन भारत के इतिहास में जम्मू कश्मीर की एक दुखद घटना के साथ दर्ज है,आतंकियों ने दो साल पहले देश के सुरक्षाकर्मियों पर कायराना हमला किया था।इस हमले में देश के 40 सीआरपीएफ के जवान शहीद हो गए थे और कई गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक बी.के. श्रीवास्तव, प्रिंसिपल पी.श्रीवास्तव, ,इंद्रावती साहनी,नुपुर श्रीवास्तव,तृप्ति राय,पूनम मद्धेशिया व विद्यालय के छात्र छात्रायें मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## बनकटा बजार मे समाजवादी पार्टी कार्यालय का हुआ भब्या उद्घाटन



अमित रेखा – सुगन्ध गुप्ता

बनकटा बाजार – कुशीनगर। जनपद के फाजिलनगर छेत्र के ग्रामसभा बनकटा बजार मे समाजवादी पार्टी के कार्यालय का उद्घाघाटन शनिवार को किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे विश्वनाथ सिंह पूर्व विध ायक द्वारा फीता काट कार्यालय का उद्घाघाटन किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या मे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे, इस मौके पर पूर्व विधायक ने कहा की नवनियुक्त अध्यक्ष संगठन को मजबूती से चलाए हम सब उनके साथ है, इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष इलियास अंसारी ने कहा की पार्टी कार्यालय बनने से यहां के युवाओ मे ऊर्जा आएगी पार्टी कार्यालय का अध यक्षता कर रहे पूर्व विधायक ने कहा की सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौपी है उनका ईमानदारी से निर्वाहन करेंगे, उन्होंने सपा से जुड़ने के लिए यहाँ के युवाओ के लिए पार्टी कार्यालय स्थापित किए इस अवसर पर राज्य की सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा की भाजपा सरकार मे कानून ब्यवस्था बेपटरी हो गयी है और अपराध चरम पर पहुंच गए है अपराधियों का हौसला बुलंद हो चुके है प्रत्येक मोर्चे पर सरकार बीफल ही रही है महंगाई सातवे स्थान पर है, उन्होंने कहा की भाजपा सरकार मे राज्य के किसान, नौजवान, ब्यापारी आदि समाज के सभी वर्गो के लोगो पर इस सरकार मे आफत आ गयी है नौकरी के लिए नौजवान दर–दर भटकने को मजबूर है, आगामी चुनाव मे जनता इस सरकार को जवाब देगी, इस अवसर पर विश्वनाथ सिंह, इलियास अंसारी विश्वनाथ यादव,लखीचंद यादव, केशव यादव, बिजेंद्र यादव, सचिन्द्र यादव, चन्द्रिका यादव, बैरिस्टर गुप्ता, राजिंन्द्र यादव,संजय यादव, रविन्द्र गुप्ता प्रभुनाथ यादव, ऋषिकेश यादव, दिनेश यादव जे0 पी0 यादव,इस अवसर पर छेत्र के तमाम जनता मौजूद रहे।

## गंभीर बीमारी से जूझ रहे युवक की मौत

अमित रेखा मेहरौना लार। जनपद देवरिया क्षेत्र लार के ग्राम रतनपुरा के संदीप साहनी उर्फ छेदी 22 वर्ष नामक युवक का आज जिला अस्पताल में मृत्यु हो गई बताया जाता है संदीप साहनी का 1 हफ्ते से इलाज चल रहा था बिमारी के वजह से शरीर में ब्लड ही नहीं बन रहा था इलाज के लिए मां ने गहना बंधक रख कर व अपने रिश्तेदारों से कर्जा अवाम लेकर इलाज कराया जिसमें गांव के लोगों ने भी मिलकर कुछ धन का सहयोग किया था, और साथी युवाओं ने उसे ब्लड देकर बचाने की पूरी कोशिश की वह लगभग ठीक होकर घर वापस आ गया था । 11–02–2021 को रात करीब 8रू00 बजे उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई जिसको लेकर लार सीएचसी पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जिला अस्पताल में



इलाज के दौरान चार बजे भोर उसकी मृत्यु हो गई । सात बजे सुबह एम्बुलेंस से जब उसकी लाश पहुची तो गांव में मातम छा गया देखने के लिए गांव के हिंदू , मुसलमान वर्ग के लोगों की भीड़ लग गई, उसे देख लोगों ने अपने आंखों को रोक ना पाये । संदीप के मां देवान्ती देवी 49 वर्ष , भाई प्रदीप साहनी 18 वर्ष व दो बहनें बड़ी बहन पूनम 24 वर्ष, सूमन 16 वर्ष का रो रो कर बुरा हाल है। पिता प्रेम साहनी भीमंडी में लूम चलाते हैं लॉकडाउन के समय से घर पर ही है। बेटा संदीप साहनी इंटर तक पढ़ाई की और सेना में भर्ती होना चाहता था उसकी इच्छा सेना में भर्ती होने की थी इसके लिए वो काफी मेहनत किया करता था और दौड़ भी बनाया था। अपने साथियों के साथ कई बार सेना की भर्ती में हिस्सा भी लिया दो–दो बार दौड़ भी निकाला मगर किसी कारण वश सेलेक्ट नहीं हो सका साथ ही साथ फुटबॉल का भी बढ़िया प्लेयर था वह आजाद क्लब रतनपुरा के टीम का एक खास अंग माना जाता था। फुटबाल प्रतियोगिता में बढियां प्रर्दशन को लेकर लोगों के दिलों जगह बना लिया था। मगर ईश्वर अल्ला का कुछ और ही मर्जी था जो उसे पहले ही अपने पास बुला लिया। माने तो एक पिता के ऊपर पहाड़ टूट पड़ा हो कुछ महीने पहले उसके दामाद का मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हुई थी और अब उसका जवान बेटे की मृत्यु होना काफी दुखदायी साबित हुआ है। इस दुख की घड़ी मे समाज सेवी संतोष साहनी व मृतक संदीप साहनी के मित्रगण नागेन्द्र यादव, मोहित यादव, मजनू यादव, बबन साहनी, निरज साहनी, विकाश साहनी ने काफी मेहनत की परंतु ईश्वर के आगे किसका वश चलता है।

## रामरथ यात्रा में विद्यालय के बच्चों ने किया श्रीराम जन्मभूमि निधि में समर्पण



अमित रेखा ब्यूरो

अमानीगंज अयोध्या। राम जन्मभूमि निधि समर्पण एवं जन जागरण अभियान के तहत शुक्रवार को विधायक गोरखनाथ बाबा की षामरथश्श यात्रा राम जानकी महाविद्यालय अमावा सूफी पहुंची। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अवधेश शुक्ला ने राम जन्मभूमि निधि में 51000 रुपये की राशि समर्पित की तथा राम जानकी इंटर कॉलेज व महाविद्यालय के छात्रों ने भी भारी संख्या में राम जन्मभूमि निधि में समर्पण दिया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत समरसता प्रमुख राजकिशोर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 38 श्रृंखलाओं में चलें अभियान एवं 76 बार की लम्बी लड़ाई के बाद शुभ अवसर प्राप्त हुआ है। सामाजिक समरसता एवं संस्कृति को जोड़ने के लिए मंदिर निर्माण में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित कराए जाने के लिए समर्पण अभियान चलाया जा रहा है जिस प्रकार शरीर में आत्मा का स्थान है वैसे राष्ट्र में राममंदिर का स्थान होना चाहिए। उन्होने कहा कि जिस प्रकार हवाई जहाज से भी तेज चलकर हनुमान जी ने संजीवनी बूटी लाकर राम काज किया था उसी तेजी से सभी लोग रामकाज में जुट जाएं। कार्यक्रम को मिल्कीपुर विधायक गोरखनाथ बाबा तथा आरएसएस के जिला प्रचारक शैलेंद्र व विभाग प्रचारक संजय ने भी संबोधित किया। रामरथ महाविद्यालय पहुँचने पर प्राचार्य डॉ० अवधेश शुक्ला ने पुष्प वर्षा कर आरती उतारी। इसके पूर्व गुरुवार को अमानीगंज बाजार पहुंचने पर प्रधान संघ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बबलू व प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मदपुर बबलू सिंह के नेतृत्व में रथ यात्रा का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। और रथ यात्रा के साथ बाजार में लोगों से राम जन्मभूमि निधि ा में समर्पण भी कराया गया। तथा अमरगंज बाजार में उमानाथ पाण्डेय , भवानी फेर मिश्न , हरीश तिवारी, रामदत्त तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों में समर्पण दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक के निजी सचिव महेश ओझा, खंड निधि प्रमुख शिव गोविंद तिवारी, खंड अभियान प्रमुख हरिओम पांडे, अरुण द्विवेदी, शंभू सिंह, शीतला वाजपेयी, रवीन्द्र पाण्डेय, सहित भारी संख्या में विद्यालय के छात्र शामिल रहे।

# विराट कोहली खाता खोलने में नाकाम, भारत ने लंच तक बनाए तीन विकेट पर 106 रन

*इंग्लैंड के लिये मोईन अली , ओली स्टोन और जैक लीच ने एक एक विकेट लिया। मोईन ने भारत को सबसे करारा झटका दिया जब कोहली कवर ड्राइव लगाने के प्रयास में बोल्ड हो गए। दूसरे छोर पर रोहित ने स्पिन और तेज आक्रमण दोनों को संभलकर खेला।*



चेन्नई। कप्तान विराट कोहली खाता खोलने में नाकाम रहे लेकिन रोहित शर्मा के नाबाद 80 रन की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शनिवार को लंच तक तीन विकेट पर 106 रन बना लिये। लंच के समय उपकप्तान अजिंक्य रहाणे पांच और रोहित शर्मा 80 रन बनाकर खेल रहे थे। रोहित ने 78 गेंद की अपनी पारी में 13 चौके और एक छक्का लगाया। इंग्लैंड के लिये मोईन अली , ओली स्टोन और जैक लीच ने एक एक विकेट लिया। मोईन ने भारत को सबसे करारा झटका दिया जब कोहली कवर ड्राइव लगाने के प्रयास में बोल्ड हो गए। दूसरे छोर पर रोहित ने स्पिन और तेज आक्रमण दोनों को संभलकर खेला। उन्होंने दूसरे विकेट के लिये चेतेश्वर पुजारा के साथ 85 रन जोड़े। पुजारा ने 58 गेंद में दो चौकों के साथ 21 रन बनाये। पुजारा को जैक लीच ने स्लिप में बेन स्टोक्स के हाथों लपकवाया। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनने वाली भारतीय टीम ने नौवीं गेंद पर ही विकेट गंवा दिया जब स्टोन ने शुभमन गिल को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। भारतीय टीम में तीन बदलाव किये गए हैऔर स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला अक्षर पटेल ने टेस्ट क्रिकेट मेंपदार्पण किया। सीनियर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देकर मोहम्मद सिराज को टीम में जगह मिली है। वहीं वाशिंगटन सुंदर की जगह कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव खेलेंगे जो दो साल में उनका पहला टेस्ट होगा। इंग्लैंड टीम में डोम बेस की जगह मोईन अली, जेम्स एंडरसन की जगह स्टुअर्ट ब्रॉड और चोटिल जोफ्रा आर्चर की जगह ओली स्टोन कोशामिल किया गया है।विकेटकीपर जोस बटलर की जगह बेन फोक्स ने ली।

# आलोचकों को रहाणे ने दिया करारा जवाब, कहा- कप्तानी पर नहीं दूंगा कोई मसाला...

*रहाणे ने इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट की पूर्व संध्या पर ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हम लगभग दो वर्षों के बाद घरेलू मैदान पर (टेस्ट) खेल रहे है।*



चेन्नई। भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान अजिक्य रहाणे ने उनकी फार्म (बल्लेबाजी लय) को लेकर उठ रहे सवालों के जवाब में आलोचकों से कहा कि वे उनके पिछले 15 मैचों के रिकार्ड की जांच कर लें। रहाणे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलबर्न में खेले गये दूसरे टेस्ट मैच में शतक लगाने के बाद बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे है और इंग्लैंड के खिलाफ यहां पहले टेस्ट मैच को 227 रन से गंवाने के बाद कप्तान विराट कोहली ने भी रहाणे का बचाव किया था। रहाणे ने इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट की पूर्व संध्या पर ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हम लगभग दो वर्षों के बाद घरेलू मैदान पर (टेस्ट) खेल रहे है। अगर आप पिछली घरेलू श्रृंखला के स्कोर को देखेंगे तो शायद वहां कुछ (बड़ा स्कोर) मिल जाए।'' रहाणे ने 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उस श्रृंखला के एक मैच में 59 और 115 रन की पारियां खेली थी। उन्होंने कहा, '' यह किसी व्यक्तिगत प्रदर्शन की जगह टीम के प्रदर्शन के बारे में है और मेरा ध्यान इस पर रहता है कि मैं टीम के लिए योगदान कैसे कर सकूं। अगर आप पिछले 10–15 टेस्ट मैचों के आंकड़े देखेंगे तो शायद आपको कुछ रन दिख जाएं।'' पिछले 15 टेस्ट में लगभग 1000 रन बनाने वाले उपकप्तान ने कहा,''बाहरी दुनिया में क्या हो रहा है, इस पर मेरा ध्यान नहीं रहता है।'' रहाणे इस संवाददाता सम्मेलन में एक मंझे हुए खिलाड़ी की तरह दिखे जो रह सवाल का जवाब चतुराई से दे रहा था। उनसे जब पूछा गया कि पहले टेस्ट में खिलाड़ियों का 'बॉड़ी लैंग्वेज (भाव–भांगिमा)' सकारात्मक नहीं लग रही थी क्या यह कप्तानी में बदलाव के कारण था। उन्होंने कहा, '' खेल में जब आपकी ऊर्जा थोड़ी कम हो जाए तो ऐसा होता है।

# विजय हजारे ट्रॉफी में महाराष्ट्र की कमान संभालेंगे: तुराज गायकवाड़

*युवा सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ विजय हजारे ट्राफी में महाराष्ट्र की कमान संभालेंगे।महाराष्ट्र को टूर्नामेंट के एलीट ग्रुप डी में दिल्ली, मुंबई, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और पांडिचेरी के साथ रखा गया है। टीम अपने सभी मैच जयपुर में खेलेगी।*



पुणे। युवा सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ आगामी विजय हजारे ट्रॉफी में 20 सदस्यीय महाराष्ट्र टीम की कप्तानी करेंगे। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। राज्य क्रिकेट संघ ने अपने ट्विटर हैंडल पर 20 फरवरी से शुरू होने वाली राष्ट्रीय वनडे चौम्पियनशिप के लिये अपनी टीम की घोषणा की। पिछले साल की इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलते हुए 24 वर्षीय रूतुराज ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। उनके अलावा बल्लेबाजी विभाग में अनुभवी केदार जाधव, राहुल त्रिपाठी, अंकित बावने, नौशाद शेख शामिल हैं जबकि निखिल नायक और विशांत मोरे के रूप में दो विकेटकीपर को रखा गया है। गेंदबाजी विभाग में स्पिनर सत्यजीत बच्चाव, जगदीश जोपे, तेज गेंदबाज अशय पालकर, मनोज इंगले, प्रदीप दाधे और बायें हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी को शामिल किया गया है। महाराष्ट्र को टूर्नामेंट के एलीट ग्रुप डी में दिल्ली, मुंबई, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और पांडिचेरी के साथ रखा गया है। टीम अपने सभी मैच जयपुर में खेलेगी।

# बजट में अर्थव्यवस्था सुधारने पर जोर: सीतारमण

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट को निवेश, मांग और आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहित करने वाला बताते हुए शनिवार को कहा कि उनकी सरकार की ओर से उठाए गए सुधारवादी कदमों से भारत को दुनिया की एक शीर्ष अर्थव्यवस्था बनने का रास्ता बनेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि कुछ दूसरे देशों में कोरोना वायरस की दूसरी लहर का प्रकोप अब भी है, लेकिन यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से काम हुआ और स्थिति से जिस तरह से निपटा गया है उसका नतीजा है कि अर्थव्यवस्था सतत रूप से आगे बढ़ रही है। उन्होंने पूंजीपतियों के साथ साठगांठ करने के विपक्ष के आरोपों को दृढता से निरस्त करते हुए गांव, गरीब और आम लोगों के कल्याण के लिए राजग सरकार की तमाम योजनाओं और उनके लिए बजट में लगातार बढ़ोतरी किए जाने का जिक्र किया। वित्त मंत्री ने एक फरवरी को 2021–22 का बजट पेश किया था, जिसमें 34.5 लाख करोड़ रुपये के व्यय का प्रावधान है। कोविड–19 संकट के चलते अगले वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा 9.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। लोकसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने देश की तरक्की में सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों की भूमिका के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि उनकी सरकार संपत्ति सृजन करने वालों का सम्मान करने में विश्वास रखती है क्योंकि सम्पत्ति के बिना सरकार को पर्याप्त संसाधन नहीं मिल सकते। उन्होंने कहा कि कोविड19 से निपटने के लिए लागू लाकडाउन के दौरान दूसरे राज्यों से वापस लौटे कामगारों, किसानों, महिलाओं और गरीबों की सहायता तथा मुफ्त राशन के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 2.7 लाख करोड़ रुपये के सहायता पैकेज के अलावा तीन अगलग अलग घोषित भारतनिर्माण पैकेज कार्यक्रमों तथा रिजर्व बैंक की और से ऋण नीति के अंतर्गत सहायता को मिला कर 27.1 लाख करोड़ रुपये की पैकेज योजनाएं जारी की गयी। इस तरह कुल पैकेज 29.87 लाख करोड़ रुपये का रहा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महामारी की चुनौतीपूर्ण स्थिति भी सरकार को देश के दीर्घकालीन विकास के लिए सुधार के कदम उठाने से नहीं डिगा सकी। उन्होंने कहा कि आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए 2021–22 के बजट में पूंजीगत व्यय के प्रावधान को बढ़ा कर 5.54 लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य है जिससे नयी मांग और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा और अर्थव्यवस्था को अधिक गति मिलेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए चालू वित्त वर्ष में कोविड संकट के दौरान भी पूंजी गत निवेश को बढ़ाए रखा गया और संशोधित अनुमान में पूंजी–व्यय 4.12 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। उन्होंने विपक्षी कांग्रेस पर नाम लिये बिना निशाना साधा और कहा कि आजादी के बाद से सत्ता में रहने वाली पार्टी को 1991 में आर्थिक सुधारों की बात सूझी और इस सरकार से और प्रधानमंत्री से बार–बार आर्थिक सुधारों को लेकर सवाल पूछे जाते हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी सदन में रहे। सीतारमण ने कहा कि जनसंघ के दिनों से लेकर आज तक भाजपा की आर्थिक नीतियां एकरूप रही हैं और सरकार ने भारतीय उद्यमियों, व्यापारियों, युवाओं आदि के कौशल को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी नीत राजग सरकार ने करदाताओं, उद्यमियों और ईमानदार नागरिकों का सम्मान करते हुए इन नीतियों का पालन किया है। सीतारमण ने कहा कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भी अपने अभिभाषण में किसानों, पूंजी सृजन करने वाले उद्यमियों (वेल्थ क्रियेटर्स) की बात की। इन उद्यमियों के बिना अर्थव्यवस्था कैसे चलेगी? सीतारमण के जवाब के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित थे। उन्होंने अपने भाषण के आखिरी हिस्से में विपक्षी सदस्यों की टोकाटाकी के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी का नाम लेकर संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों और संस्थाओं का निरादार करने की प्रवृत्ति की तीखी आलोचना की। गांधी उस समय सदन में नहीं थे। बजट को पूंजीपतियों का बजट बताने वाले विपक्षी दलों पर पलटवार करते हुए सीतारमण ने कहा कि यह सरकार हर वर्ग के लिये काम कर रही है और साठगांठ वाले पूंजीवाद का आरोप लगाना बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की झूठी कहानी गढ़ने की आदत हो गयी है। उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, छोटे और मझोले उद्यमों की सहायता के लिये मुद्रा योजना, सौभाग्य योजना और अन्य तमाम कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कि कहा कि इनका फायदा किसी पूंजीपति की जेब में नहीं जाता है। उन्होंने पूछा कि विपक्ष बता सकता है कि केरल में एक खास परियोजना आमंत्रण के आधार पर एक खास उद्योगपति को क्यों दी गई। देश के सबसे बड़े बंदरगाह विकासकर्ता अडाणी पोर्ट एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन को दिसंबर 2015 में केरल के विहिंगम में अंतरराष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट परियोजना का ठेका मिला था। वित्त मंत्री ने कहा, ''बजट देश को आत्मनिर्भर बनने में तेजी लाएगा और सुधारों की दिशा में उठाये गये कदम भारत दुनिया में शीर्ष अर्थव्यवस्था बनने का रास्ता साफ करेगा।'' सीतारमण ने कहा कि सरकार गरीबों के लिये सड़क से लेकर कृषि, मकान से लेकर बिजली की सुविधा उपलब्ध करा रही है, इसके बावजूद विपक्ष झूठी कहानी गढ़ रहा है कि सरकार साठगांठ कर पूंजीपतियों के लिये काम कर रही है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में आम बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए आरोप लगाया था कि यह 'हम दो, हमारे दो' की सरकार है।

## संक्षिप्त



### धीरज मल्होत्रा को बनाया गया नया खेल विकास महाप्रबंधक, सबा करीम की लेंगे जगह

नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के सीईओ धीरज मल्होत्रा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के नए खेल विकास महाप्रबंधक होंगे। मल्होत्रा पूर्व भारतीय क्रिकेटर सबा करीम की जगह लेंगे। क्रिकेट जगत में अपने दो दशक से अधिक के करियर के दौरान मल्होत्रा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद में भी कई वरिष्ठ पदों पर रहे और उन्हें विभिन्न आईसीसी प्रतियोगिताओं में क्रिकेट संचालन की जिम्मेदारी मिली। बीसीसीआई के एक सूत्र ने शुक्रवार को बताया, ''हां, धीरज मल्होत्रा को औपचारिक रूप से खेल विकास महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है। वह सोमवार 15 फरवरी से बोर्ड के साथ जुड़ेंगे।'' सबा करीम का तीन साल का कार्यकाल पिछले महीने खत्म हो गया। वह पिछले छह महीने से नोटिस पीरियड पर थे।

### रोहित शर्मा ने जड़ा टेस्ट कॅरियर का सातवां शतक, विदेशी जमीं पर अभी तक नहीं मिली कोई कामयाबी

चेन्नई। इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट क्रिकेट में भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने अपने कॅरियर का सातवां शतक जड़ दिया है। इसी के साथ ही माना जा रहा है कि टेस्ट क्रिकेट में रोहित की फॉर्म वापस आ गई है। हालांकि रोहित शर्मा अभी तक विदेशी जमीं पर एक भी शतक जड़ पाने में कामयाब नहीं हो पाए हैं। हालांकि ऐसा कारनामा करने वाले रोहित शर्मा दूसरे खिलाड़ी हैं। क्योंकि पहले स्थान पर बांग्लादेश टेस्ट क्रिकेट के कप्तान मोमिनुल हक हैं। मोमिनुल हक ने साल 2013 में श्रीलंका के खिलाफ अपना डेब्यू मैच खेला था तब से लेकर अब तक मोमिनुल हक ने 10 टेस्ट शतक जड़े हैं लेकिन सभी शतक उन्होंने अपनी जमीं यानी कि बांग्लादेश में ही लगाए हैं। अपनी जमीं पर शतक लगाने के मामले में मोमिनुल हक पहले पायदान पर हैं। वहीं दूसरा स्थान भारतीय सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को जाता है। उन्होंने अभी तक कुल 7 टेस्ट शतक जड़े हैं। इतना ही नहीं रोहित ने भी साल 2013 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ कोलकाता के ईडन गार्डन में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था।

### विदेशों में तेजी के रुख और मांग बढ़ने से तेल तिलहन कीमतों में सुधार

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में तेजी के रुख और स्थानीय मांग बढ़ने के बीच दिल्ली तेल–तिलहन बाजार में शनिवार को सरसों, बिनौला, सोयाबीन तेल तिलहन, सीपीओ एवं पामोलीन तेल कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। तेल उद्योग से जुड़े सूत्रों के अनुसार विदेशी बाजारों में तेजी के रुख और आगामी त्यौहारी मांग को देखते हुए बाजार में लिवाली बढ़ गई। उन्होंने कहा कि आगामी होली के त्यौहार के मद्देनजर और नमकीन और चिप्स कंपनियों की मांग बढ़ने के साथ साथ गर्मी की सुगबुगाहट के साथ पामोलीन तेलों की मांग बढ़ने से उक्त तमाम तेल तिलहन कीमतों में सुधार आया। उन्होंने कहा कि अगले लगभग दो दिनों में सीपीओ के आयात शुल्क मूल्य में वृद्धि किये जाने की संभावना के कारण सीपीओ और पामोलीन दिल्ली और पामोलीन कांडला तेल कीमतों में सुधार आया। उन्होंने कहा कि विदेशी बाजारों में सोयाबीन खल (तेल रहित खल– डीओसी) की अच्छी निर्यात मांग है जिससे सोयाबीन दाना (तिलहन फसल) और उसके सभी तेल कीमतों के भाव लाभ दर्शाते बंद हुए। सूत्रों ने कहा कि मध्य प्रदेश में सभी जिंसों के अलावा तिलहन के मंडी शुल्क में वृद्धि की गई है जो 14 फरवरी से प्रभावी होगा। तिलहन फसलों पर मंडी शुल्क में एक प्रतिशत की वृद्धि की गई है जिसका सरसों और सोयाबीन कीमतों पर अनुकूल असर हुआ। उन्होंने कहा कि बाजार में पुराने सरसों दाना की भारी मांग है और बाजार में इसकी भारी किल्लत है जिसकी वजह से सरसों तेल तिलहनों में तेजी आई। बाजार में शनिवार को थोक भाव इस प्रकार रहे– (भाव– रुपये प्रति क्विंटल) सरसों तिलहन – 6,475 – 6,525 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये। मूंगफली दाना – 5,700– 5,765 रुपये। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात)– 14,350 रुपये। मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 2,280 – 2,340 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी– 13,400 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी– 2,015 –2,165 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी– 2,145 – 2,260 रुपये प्रति टिन। तिल तेल मिल डिलिवरी – 11,250 – 15,250 रुपये। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली– 12,320 रुपये। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर– 11,870 रुपये। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला– 10,970 रुपये। सीपीओ एक्स–कांडला– 10,200 रुपये। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)– 11,000 रुपये। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली– 11,850 रुपये। पामोलिन कांडला 10,950 (बिना जीएसटी के) सोयाबीन तिलहन मिल डिलिवरी 4,900– 4,950 रुपये, लूज में 4,805– 4,845 रुपये मक्का खल (सरिस्का) 3,525 रुपये

### एलायंस एयर 16 फरवरी से दिल्ली से देहरादून के रास्ते पंतनगर के लिए विमान सेवा शुरु करेगी

मुंबई। एयर इंडिया की क्षेत्रीय सहायक विमानन कंपनी, एलायंस एयर ने कहा कि वह 16 फरवरी से देहरादून के रास्ते दिल्ली से उत्तराखंड के पंतनगर के लिए अपनी उड़ान सेवाओं को फिर से शुरू करेगी। एलायंस एयर ने शुक्रवार देर रात एक विज्ञप्ति में कहा, वह इस मार्ग पर संचालित करने के लिए अपने 70 सीटों वाले एटीआर 72 विमान लगायेगी। एयरलाइन के मुताबिक, इसकी उड़ान 9आई–645 सुबह 9.50 बजे दिल्ली से रवाना होगी और सुबह 10.55 बजे देहरादून पहुंचेगी, जहां से 11.45 बजे पंतनगर के लिए प्रस्थान करेगी और दोपहर 12.30 बजे वहां पहुंचेगी।वापसी की उड़ान 9आई–646 पंतनगर से देहरादून के लिए दोपहर एक बजे रवाना होगी, जहां यह दोपहर 1.50 बजे आएगी। एलायंस एयर ने कहा कि वही विमान दोपहर 2.40 बजे दिल्ली के लिए रवाना होगी और वहां 3.20 बजे पहुंचेगी।

## सम्पादकीय........

### स्थायी समाधान की ओर बढ़ें दोनों देश

भारत–चीन के बीच जारी नौ महीने के गतिरोध के बाद लद्दाख स्थित पैंगोंग झील के उत्तरी–दक्षिणी तट पर दोनों देशों के सैनिकों को हटाने पर बनी सहमति स्वागतयोग्य ही कही जायेगी। राजनयिक और सैन्य स्तर पर कई दौर की बातचीत के बाद एलएसी पर तनाव का कम होना दोनों देशों के हित में ही है क्योंकि दोनों बड़े मुल्कों में टकराव विश्वव्यापी संकट को जन्म दे सकता था। विगत में विदेशमंत्री एस. जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग यी के बीच मास्को में हुई बैठक में तनाव कम करने के लिये पांच सूत्रीय कार्ययोजना पर बात हुई थी लेकिन लंबे समय से इसके सार्थक परिणाम नजर नहीं आये थे। अब इस मुद्दे पर सहमति के बावजूद भारत को सतर्कता में कोई चूक नहीं करनी चाहिए। दशकों से जारी सीमा निर्धारण को लेकर बातचीत चीन के अड़ियल रवैये के चलते किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पायी है। इसके बावजूद चीनी सैनिकों का पीछे हटना सेना के लिये राहतकारी है, जो गलवान घाटी के घटनाक्रम के बाद विषम मौसम में भी हाई अलर्ट पर है। भारत को चीनी मंसूबों की लगातार निगरानी करने की जरूरत है। साथ ही आपसी विश्वास बहाली के लिये निरंतर प्रयास करते रहने होंगे। अतीत में विश्वास तोड़ने की चीनी कोशिशों ने भारतीयों के मन में अविश्वास को जन्म दिया है। इतिहास ने हमें कई कड़वे सबक दिये हैं, खासकर 1962 के आक्रमण में जब शांति की बात करते हुए चीन ने भारतीय नेतृत्व से छल किया। जुलाई, 1962 में पं. नेहरू ने लद्दाख से चीनी सैनिकों की आंशिक वापसी का स्वागत किया था परंतु उसके तीन माह बाद ही चीन ने भारतीय क्षेत्र पर आक्रमण कर दिया था। हालांकि, भारत 1962 की स्थितियों से बहुत आगे निकल चुका है, लेकिन फिर भी सतर्क रहने की जरूरत है। चिंता की बात यह है कि चीनी नीतियों में पारदर्शिता का अभाव रहा है। ऐसे में भारत को चीनी कदम के सभी पहलुओं का मूल्यांकन कर कदम बढ़ाने होंगे। राज्यसभा में रक्षा मंत्री के बयान के अनुसार समझौते के बाद चीनी सैनिक पैंगोंग झील के उत्तरी किनारे पर फिंगर 8 के पास रहेंगे और भारतीय सैनिक फिंगर तीन के पास रहेंगे। इस बीच दोनों स्थानों के बीच गश्त पर अस्थाई रोक रहेगी। बहरहाल, लंबे गतिरोध के बाद कम से कम एक क्षेत्र से चीनी सैनिकों की वापसी शुरू हुई है। निस्संदेह इस कदम से दोनों देशों के संबंधों में जमी अविश्वास की बर्फ पिघलेगी। इस बात पर सहमति बनी बताई जा रही है कि तनाव के दौरान इस क्षेत्र में हुए निर्माण भी हटाये जायेंगे। इस समझौते के आलोक में इस बात की उम्मीद जगी है कि देप्सांग व गलवान घाटी में बाकी विवादास्पद मुद्दों को सुलझाने की शीघ्र पहल होगी। हालिया सहमति को आधार बनाकर आगे अन्य विवादों को सुलझाने की पहल होनी चाहिए। यह भरोसा तो जगा है कि चीन की तरफ से ईमानदार पहल हो तो तनाव घटाते हुए अन्य विवादों का भी पटाक्षेप हो सकता है। जाहिरा तौर पर सीमा पर आशंकाओं के बादल तो छटे ही हैं। दो सीमाओं पर सुरक्षा की चुनौती से निपटना सेना के लिये भी एक बड़ी चुनौती रही है। उम्मीद जरूर जगी है कि बातचीत के लिये अब अनुकूल वातावरण बनेगा। साथ ही वास्तविक नियंत्रण रेखा से जुड़े विवादों के निपटारे की दिशा में दोनों देश आगे बढ़ सकेंगे। निस्संदेह संवादहीनता संबंधों में कई तरह की जटिलताओं को जन्म देती है। बहुत संभव है कि पैंगोंग झील के तटों को लेकर हुआ।

## आज का राशिफल

मेष :– निकटस्थ सम्बन्धों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति के आसार हैं। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीवन सुखमय होगा।

बृषभ :– अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। आकांक्षाओं की पूर्ति के आसार बनेंगे।

मिथुन :– संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कायरे द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीतिज्ञों के लिए ग्रहों का सहयोग प्राप्त होगा।

कर्क :– बीती हुई बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में कुछ अच्छे अवसर बनेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा।

सिंह :– नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट होने की संभावना। संभल कर कार्य करें।

कन्या :– किसी नए कार्य में आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केन्द्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

तुला :– महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में अत्यधिक व्यय के योग हैं। कार्य क्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी।

वृश्चिक :– परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव्र। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं।

धनु :– मन सुन्दर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नए सम्बन्ध के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें। अनावश्यक सपनों के झांसे में न आएं।

मकर :– विभागीय परिवर्तन से थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अन्दर धैर्य व वाणी में मधुरता लाएं। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। सफलता के आसार हैं।

कुंभ :– राजनीतिक क्षेत्र के व्यक्तियों के लिए अनुकूल समय। अच्छे कायरे के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन–सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

मीन :– भावनात्मक समस्याओं पर सम्बन्धों में खुल कर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कायरे को कल पर न टालें। प्रियजनों का सन्निध्य प्राप्त होगा।

# कुतर्क के सहारे कृषि कानूनों का विरोध

**ए. सूर्यप्रकाश**

*यानी उपभोक्ता अब पूरी तरह बाजार के रुझान पर निर्भर रहेंगे। इससे भला किसान कैसे प्रभावित होंगे?*

*कृषि कानूनों पर तकरार की चर्चा संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के उस पाखंड के बिना अधूरी रहेगी, जिसका वह अभी प्रदर्शन कर रहा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला यह गठजोड़ अपने दस वर्षीय शासन में कृषि सुधारों की हिमायत करता रहा, लेकिन अब उनके विरोध पर आमादा है। यह बड़ा विचित्र है। सबसे बड़ी पलटी राकांपा के मुखिया शरद पवार ने खाई है, जो केंद्र में कृषि मंत्री रहते इन सुधारों के लिए दौड़–भाग करते रहे। बतौर कृषि मंत्री पवार ने राज्यों को एपीएमसी अधिनियम में संशोधन करने की जोरदार वकालत की। उनकी दलील दी थी कि निजी क्षेत्र के रूप में एक विकल्प देना किसानों और उपभोक्ताओं, दोनों वर्गों के हितों की पूर्ति करेगा।*

मोदी सरकार के नए कृषि कानूनों पर तकरार जारी है। इन तीनों कानूनों के समग्र आकलन से यही सार निकलेगा कि उनका विरोध तार्किक आधार पर न होकर राजनीतिक संकीर्णता के चलते हो रहा है। इन कानूनों का मकसद किसानों को सशक्त कर उन्हें बाजार से जोडना है। इस प्रक्रिया में यह भी सुनिश्चित किया गया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी और मंडी समितियों पर भी कोई आंच नहीं आएगी। इनमें पहला कानून किसान उपज व्यापार एवं वाणिज्य (संवर्धन एवं सुविधा) अधिनियम, 2020 है। यह किसानों को अपने क्षेत्र में कृषि उत्पाद विपणन समितियों यानी एपीएमसी से इतर अपनी उपज बेचने की आजादी प्रदान करता है। इसकी धारा 3 किसानों को अपने राज्य या राज्य की सीमा से बाहर उपज को ले जाने की स्वतंत्रता देती है। एक अन्य धारा के अनुसार किसानों के साथ लेनदेन करने वाले व्यापारी को उसी दिन या अधिकतम तीन कार्य दिवसों में किसान को हर हाल में भुगतान करना होगा। यह कानून केंद्र सरकार को समयबद्ध विवाद निस्तारण के लिए कृषि उपज मूल्य सूचना एवं बाजार आसूचना ( इंटेलीजेंस) तंत्र विकसित करने की गुंजाइश देता है। यह कानून जहां किसानों को स्थानीय एपीएमसी या उससे बाहर कोई विकल्प चुनने की आजादी देता है, वहीं व्यापारियों के लिए सख्त मियाद तय करता है कि वे किसानों को उनकी उपज के एवज में तय समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। कृषि कानूनों के इन प्रविधानों का विरोध समझ से परे है, क्योंकि इसमें अगर किसी पर शिकंजा कसा गया है तो आढ़तियों और दलालों पर। यही कारण है कि वे किसानों को गुमराह कर उनके आंदोलन को संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। दूसरा कानून मूल्य आश्वासन एवं कृषि सेवाएं अधिनियम, 2020 है। यह कानून कृषि उत्पादों के कारोबारियों–निर्यातकों को एक पूर्व निर्धारित कीमत पर फसल के अर्ग्रिम अनुबंध का अधिकार प्रदान करता है। इसकी धारा 3(1) के अनुसार किसान अपनी उपज के लिए लिखित अनुबंध कर सकते हैं। यह अनुबंध अधिकतम पांच वर्षों के लिए किया जा सकता है। इस कानून का सबसे महत्वपूर्ण अंश यह है कि इसमें जमीन के किसी भी प्रकार के सौदे का उल्लेख नहीं। कृषि अनुबंध में न तो जमीन को पड्डट्टे पर लिया जा सकता है, न उसे गिरवी रखा जा सकता है और न ही उसे बेचा जा सकता है। इसकी धारा 13(1) में भी विवाद निस्तारण तंत्र की व्यवस्था



है। तीसरा कानून आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 में संशोधन से जुड़ा है। इसमें व्यवस्था की गई है कि खाद्य उत्पादों की आपूर्ति केवल असाधारण परिस्थितियों में ही नियंत्रित की जाएगी। यानी युद्ध, अकाल, अप्रत्याशित मूल्य वृद्धि और विकराल प्राकृतिक आपदाओं में ही ऐसा हो सकेगा। आखिर ऐसी किसी भी पहल से आपत्ति क्यों? ये प्रतिस्पर्धा को बढ़ाते हैं ताकि किसान स्थानीय बाजार के मोहताज न बने रहें। दूसरे शब्दों में कहें तो इनसे बाजार की ताकतें प्रभावी हो जाएंगी और उसमें मंडियों को अधिक प्रतिस्पर्धी बनना होगा।

इस बीच एमएसपी का सहारा निरंतर मिलता रहेगा। इससे किसानों को मंडियों और आढ़तियों के वर्चस्व वाली व्यवस्था से निजात मिलेगी। इन नए कृषि कानूनों से अगर किसी को चिंतित होना चाहिए तो उपभोक्ताओं को, क्योंकि सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम में संशोधन कर कुछ प्रमुख उत्पादों की कीमतों और भंडारण के मामले में हस्तक्षेप के अपने अधिकार को सीमित कर लिया है। यानी उपभोक्ता अब पूरी तरह बाजार के रुझान पर निर्भर रहेंगे। इससे भला किसान कैसे प्रभावित होंगे?

कृषि कानूनों पर तकरार की चर्चा संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के उस पाखंड के बिना अधूरी रहेगी, जिसका वह अभी प्रदर्शन कर रहा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला यह गठजोड़ अपने दस वर्षीय शासन में कृषि सुधारों की हिमायत करता रहा, लेकिन अब उनके विरोध पर आमादा है। यह बड़ा विचित्र है। सबसे बड़ी पलटी राकांपा के मुखिया शरद पवार ने खाई है, जो केंद्र में कृषि मंत्री रहते इन सुधारों के लिए दौड़–भाग करते रहे। बतौर कृषि मंत्री पवार ने राज्यों को एपीएमसी अधिनियम में संशोधन करने की जोरदार वकालत की। उनकी दलील दी थी कि निजी क्षेत्र के रूप में एक विकल्प देना किसानों और उपभोक्ताओं, दोनों वर्गों के हितों की पूर्ति करेगा। उन्होंने तर्क दिया कि कृषि की वृद्धि के लिए एक सुसंचालित बाजार आवश्यक है, जिसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी अनिवार्य होगी। उन्होंने वर्ष 2005 से 2007 के बीच मुख्यमंत्रियों का ध्यान आकर्षण करने के साथ ही अपने मंत्रालय द्वारा सुझाए एपीएमसी नियमों के मसौदे से अवगत कराया। इसी सिलसिले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को नवंबर 2011 में लिखे पत्र में उन्होंने दोहराया कि समावेशी वृद्धि के लिए कृषि क्षेत्र को बेहतर ढंग से चलने वाले बाजार की दरकार है और उसमें शनिजी क्षेत्र की अहम भूमिका आवश्यक होगी। उन्होंने कहा कि इससे फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के साथ ही उपभोक्ता कीमतों से किसानों के पास बड़ा हिस्सा पहुंचेगा। उन्होंने मुख्यमंत्रियों से एपीएमसी अधिनियम में आवश्यकता अनुसार संशोधन का आर्ग्रह भी किया। वही पवार अब नया राग अलाप रहे हैं। अब वह कह रहे हैं कि मंडियां प्रभावित होंगी और कॉरपोरेट को उपज बेचने वाले किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी नहीं होगी।

उनकी यह बात समझना इसलिए मुश्किल है, क्योंकि किसानों के लिए सरकार को एमएसपी पर उपज बेचने का विकल्प कभी खत्म नहीं होगा। किसानों पर ये कानून एकाएक थोपने का दुष्प्रचार भी निराधार है। कृषि बाजार को खोलने की बातें बीते दो दशकों से हो रही हैं। कई सरकारों ने इसमें दिलचस्पी भी दिखाई। केंद्र सरकार ने वर्ष 2017 में एक मॉडल कृषि विपणन अधिनियम जारी किया था। उसे 11 राज्यों ने पूरी तरह और छह राज्यों ने आंशिक रूप से अपनाया। इसके बाद 2018 में केंद्र ने मॉडल कृषि अनुबंध खेती अधिनियम पेश किया, जिसे दो राज्यों ने अपनाया। नए कानूनों का मुखर विरोध कर रहे पंजाब में तो कृषि अनुबंध कानून 2013 से ही लागू है। पंजाब, हरियाणा और पश्चिम उत्तर प्रदेश के किसानों को समझना होगा कि भारत 28 राज्यों और आठ केंद्रशासित प्रदेशों वाला देश है। कई राज्यों में किसानों ने नए कृषि कानूनों पर खुशी जताई है। महज दिल्ली से भौगोलिक नजदीकी ही पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों की बात को निर्णायक नहीं बना सकती।

# ममता सरकार की बिदाई का संकेत त्रिवेदी का इस्तीफा

**प्रेम शर्मा**

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में अब पॉच महीने से भी कम का समय बचा है, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में तकरार चरम पर है.पश्चिम बंगाल में चुनाव से काफी वक्त पहले से ही राजनीतिक हिंसा का दौर जारी है। तृणमूल कांग्रेस पर मंडराता संकट खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। केंद्रीय स्तर पर तृणमूल का चेहरा माने जाने वाले दिनेश त्रिवेदी ने राज्यसभा में ही अपने इस्तीफे का एलान करके सबको न केवल चौंका दिया है, बल्कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल की मुश्किलों को बहुत बढ़ा भी दिया है। इस्तीफे का एलान करते हुए दिनेश त्रिवेदी ने जो उद्‌गार व्यक्त किए हैं, वह काबिले गौर हैं। उन्होंने साफ कहा है कि मुझसे अब देखा नहीं जा रहा, मुझे घुटन महसूस हो रही है। आज मैं देश के लिए, बंगाल के लिए अपना इस्तीफा दे रहा हूं। पश्चिम बंगाल में अब तक हमने मध्य पीढ़ी के नेताओं को ही तृणमूल छोड़कर जाते देखा है, लेकिन पार्टी का एक दिग्गज और अपेक्षाकृत ज्यादा शालीन नेता अगर कह रहा है कि उसे घुटन महसूस हो रही है, तो यह तृणमूल के लिए खतरे की घंटी है। दिनेश त्रिवेदी से पूर्व भी काफी नेताओं ने तुणमूल कांग्रेस का साथ छोड़कर भाजपा का दामन थामा था लेकिन तब इस बॉत का संकेत यह नजर नही आ रहा था कि बंगाल में तृणमूल का आगामी चुनाव में सफाया हो जाएगा लेकिन दिनेश त्रिवेदी के इस्तीफे के बाद इतना तय है कि पश्चिम बंगाल से ममता सरकार की बिदाई का संकेत मिल गया है। बीजेपी और टीएमसी के कार्यकर्ता कई बार आपस में लड़ चुके



हैं।लेकिन बिहार में सत्ता में वापसी के बाद भाजपा के हौसले इतने बुलंद हैं कि उसने पश्चिम बंगाल में 200 से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य तय कर लिया है। इस बात में कोई शक नहीं कि करीब 6 दशकों तक जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की धरती पर राजनीति में बेगाने रहे जनसंघ और भाजपा 2014 की मोदी लहर के बाद से एक प्रभावी सियासी शक्ति के तौर पर स्थापित हुई है। 2019 के लोकसभा चुनाव में उसके प्रदर्शन ने उनके हौसले को और ज्यादा उड़ान दी है। इसी का परिणाम है कि 2021 मे होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा हर हाल या यू कहे कि राजनीति में सब कुछ जायज है स्टाइल में पश्चिम बंगाल पर हमलावर हो चुकी है। लेकिन, इतनी प्रगति के बावजूद इस राज्य में ममता बनर्जी को टक्कर देकर विधानसभा चुनावों में भगवा लहराना उसके लिए शायद बहुत ही ज्यादा चुनौतीपूर्ण साबित होने वाला है। यह आंकलन किसी धारणा के आधार पर नहीं, चुनावी आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर किया जा रहा है। देखा जाए तो इस बात में कोई दो राय नहीं कि 2019 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी ने बंगाल में काफी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उसको 40.64 प्रतिशत वोट मिले और उसने 18 सीटें जीत लीं। इस हिसाब से ममता की टीएमसी को कुल 42 सीटों में से उससे सिर्फ 4 सीटें ज्यादा यानि 22 सीटें मिलीं और महज 3 प्रतिशत ज्यादा यानि 43.69 प्रतिशत वोट मिले थे। अगर 2014 के भाजपा के प्रदर्शन से इसकी तुलना करेंगे तो यही समझ में आएगा कि अगले चुनाव के लिए उसका मैदान साफ है। क्योंकि, तब उसे सिर्फ 17.02 प्रतिशत वोट और दार्जीलिंग और आसनसोल की दो सीटें ही मिली थीं।2021 के चुनाव में तृणमूल के पास नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी के विरोध जैसा मुद्दा है। करीब 27 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले राज्य में उसके पास धृवीकरण के लिए यह सबसे बड़ा हथियार साबित हो सकता है। भाजपा इसी एजेंडे के खिलाफ तुष्टिकरण का आरोप लगाकर अपने लिए भगरीथ प्रयास में जुटी हुई है। उसकी पूरी कोशिश होगी कि अगर मुस्लिम वोटों को गोलबंद करने में ममता बनर्जी जुटी हैं तो पार्टी गैर–मुस्लिम वोट को अपने हक में गोलबंद करे। बंगाल की लड़ाई में कांग्रेस–लेफ्ट गठबंधन और ओवैसी भी बड़े फैक्टर बन सकते हैं। यही फैक्टर ममता बनर्जी की विदाई का मूल कारण बनेगें। यहॉ इस बॉत पर भी गौर करना हो कि पश्चिम बंगाल में चुनाव की तारीखें अब नजदीक आ रही हैं। अगले साल अप्रैल मई में रणभेरी बजेगी। हाल ही में हुए बिहार चुनाव जीतने के बाद भाजपा का मनोबल हाई है। अब उसके सामने पश्चिम बंगाल में तृणमूल का किला ढहाने की चुनौती है। उसके बड़े नेताओं ने बंगाल में डेरा जमा लिया है। वहीं टीएमसी भी भाजपा पर वार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। इस बीच कांग्रेस और लेफ्ट पार्टी ने भी अपने गठबंधन का ऐलान कर दिया है। यानी पश्चिम बंगाल में इस बार टीएमसी भाजपा और लेफ्ट–कांग्रेस गठबंधन के बीच मुकाबला त्रिकोणीय होने जा रहा है।पश्चिम बंगाल कभी लेफ्ट का गढ़ हुआ करता था। 34 साल तक लेफ्ट की सरकार रही। लेकिन, 2006 के बाद उसके पतन का दौर शुरू हुआ, जिसके बाद वो कभी उबर नहीं सकी। चाहे लोकसभा हो, विधानसभा हो या फिर पंचायत चुनाव, हर जगह उसका दायरा घट रहा है।हालांकि इस बार बिहार चुनाव में लेफ्ट विंग का बढ़िया प्रदर्शन रहा है। 29 सीटों पर चुनाव लड़ने के बाद लेफ्ट ने 55 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट के साथ 16 सीटों पर जीत दर्ज की है। इससे उनका कॉन्फिडेंस जरूर बढ़ा है। पिछले विधानसभा में लेफ्ट और उसके सहयोगियों को 32 सीटें मिली थीं। अब ये देखना दिलचस्प होगा कि लेफ्ट आने वाले चुनाव में बिहार का प्रदर्शन दोहरा पाती है या नहीं। पश्चिम बंगाल में चुनाव की तारीखें अब नजदीक आ रही हैं। अप्रैल मई में रणभेरी बजेगी। हाल ही में हुए बिहार चुनाव जीतने के बाद भाजपा का मनोबल हाई है। अब उसके सामने पश्चिम बंगाल में तृणमूल का किला ढहाने की चुनौती है। उसके बड़े नेताओं ने बंगाल में डेरा जमा लिया है। वहीं टीएमसी भी भाजपा पर वार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। इस बीच कांग्रेस और लेफ्ट पार्टी ने भी अपने गठबंधन का ऐलान कर दिया है।पश्चिम बंगाल कभी लेफ्ट का गढ़ हुआ करता था। 34 साल तक लेफ्ट की सरकार रही। लेकिन, 2006 के बाद उसके पतन का दौर शुरू हुआ, जिसके बाद वो कभी उबर नहीं सकी। चाहे लोकसभा हो, विधानसभा हो या फिर पंचायत चुनाव, हर जगह उसका दायरा घट रहा है।ममता बनर्जी अब तक यही मानती आ रही हैं कि उनकी पार्टी के 'दागदार' नेताओं के लिए भाजपा वॉशिंग मशीन है।



# बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोन के सेट पर अचानक आ गये गुंडे! मचाया उत्पात

बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोन ने हाल ही में अपनी आने वाली वेब सीरीज श्अनामिकाश की शूटिंग कर रही थी, लेकिन शूटिंग बीट में ही रोक दी गयी। शूटिंग रोकने की वजह थी कि सेट पर अचानक गुंडे आ गये थे। बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोन ने हाल ही में अपनी आने वाली वेब सीरीज श्अनामिकाश की शूटिंग कर रही थी, लेकिन शूटिंग बीट में ही रोक दी गयी। शूटिंग रोकने की वजह थी कि सेट पर अचानक गुंडे आ गये थे। द टाइम्स ऑफ इंडिया की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, शो के निर्देशक विक्रम भट्ट पर फाइटर्स एसोसिएशन के कुछ सदस्यों द्वारा सेट पर हमला कर दिया गया। विवाद के बाद एक बार फिर से शूटिंग को रि–शेड्यूल करना पड़ा। विवाद का कारण विक्रम भट्ट की पुरानी बकाया पेमेंट थी। अब्बास अली मोघुल ने भट्ट पिछले भुगतान के मुद्दे के बारे में कॉल किया था। भट्ट के अनुसार उवकी कोई भी पेमेंट बकाया नहीं थी। अनामिका निर्देशक ने यह भी दावा किया कि उन्हें घटना के बाद अब्बास को 13 – 14 लाख रुपये का भुगतान करने के लिए मजबूर किया गया था। हालांकि, जब घटना हुई, तब एसोसिएशन ने अब्बास के लिए 38 लाख रुपये की मांग की थी। मांगे गए पैसे आठ शो के लिए थे जिसमें अब्बास ने अपनी सेवाएं दी थीं। इसके अलावा, भट्ट ने यह भी दावा किया कि शूटिंग के दिन, कुछ 3–4 लोग सेट पर आए और कहा कि वे शूटिंग में बाधा डालने के लिए कैमरे के सामने आएंगे। जब यह सब हो रहा था, भट्ट ने यह भी कहा कि सनी की सुरक्षा सुनिश्चित करने पहली जिम्मेदारी थी। इसलिए वह किसी तरह अभिनेत्री की सुरक्षा करने में कामयाब रहे ताकि उन्हे कोई नुकसान न पहुंचे। यह पूछे जाने पर कि घटना कैसे हुई, उन्होंने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि उन्हें पता नहीं था कि सेन्टर्स एसोसिएशन के सदस्य सेट पर उतरने वाले थे। फाइटर्स एसोसिएशन के महासचिव एजाज गुलाब ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वे पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि जिस व्यक्ति को परियोजना के लिए अब्बास के प्रतिस्थापन के रूप में लिया गया था, वह भी इससे दूर था और उनके समर्थन में था। वर्तमान में, भट्ट ने अब्बास को एक कानूनी नोटिस भेजा है जिसमें कहा गया है कि वह जबरन वसूली के लिए उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने जा रहा है। इसके उत्तर में, गुलाब ने कहा है कि कोई जबरन वसूली नहीं हुई थी और किए गए दावे झूठे हैं।

# 39 दिनों में सोनम कपूर ने पूरी की अपनी क्राइम थ्रिलर फिल्म Blind की शूटिंग



सोनम कपूर ने अपनी आने वाली क्राइम थ्रिलर फिल्म ब्लाइंड की शूटिंग को पूरा कर लिया है। फिल्म की शूटिंग पिछले 39 दिनों ने स्कॉटलैंड में चल रही थी। ब्लाइंड एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है जिसका निर्देशन शोम मखीजा द्वारा किया जा रहा है। सोनम कपूर ने अपनी आने वाली क्राइम थ्रिलर फिल्म ब्लाइंड की शूटिंग को पूरा कर लिया है। फिल्म की शूटिंग पिछले 39 दिनों ने स्कॉटलैंड में चल रही थी। ब्लाइंड एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है जिसका निर्देशन शोम मखीजा द्वारा किया जा रहा है। यह फिल्म इसी नाम की कोरियन फिल्म का हिंदी रीमेक है, ब्लाइंड एक अंधे पुलिस अधिकारी की कहानी है जो एक सीरियल किलर की तलाश में है। फिल्म की शूटिंग दिसंबर में स्कॉटलैंड के ग्लासगो में शुरू हुई और टीम ने निर्धारित समय में इसे पूरा कर लिया। सोनम कपूर ने शुक्रवार को स्कॉटलैंड में ब्लाइंड की शूटिंग खत्म की। शोम मखीजा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विनय पाठक, पूरब कोहली और लिलेट दुबे भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इसे सुजॉय घोष, अविषेक घोष, मनीषा डब्ल्यू, पिंकेश नाहर, सचिन नाहर और ह्यूनवो थॉमस किम द्वारा निर्मित किया गया है। सोनम कपूर को फिल्म की शूटिंग के दौरान चोट आयी थी, जिसकी जानकारी सोनम ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ साझा की थी। अब एक बार फिर सोनम कपूर ने फिल्म पूरा होने की जानकारी भी सोशल मीडिया पर दी। सोनम ने लिखा, ष्इस पागलपनपूर्ण और रचनात्मक रूप से संतुष्ट करने वाली फिल्म के आखिरी दिन को खत्म करने के लिए ब्रूइज्ड एंड बैटेड। सोनम कपूर को आखिरी बार विक्रमादित्य मोटवाने की एके बनाम एके में खुद का किरदार निभाते हुए देखा गया था, जिसमें उनके पिता, अनिल कपूर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिकाओं में थे। उनकी आखिरी पूर्ण भूमिका रोम–कॉम, द जोया फैक्टर में थी। अभिषेक शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सदर्न स्टार डूलर सलमान भी मुख्य भूमिका में हैं।

# शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं दीया मिर्जा, जानिए कौन है उनका होने वाला पति





दीया मिर्जा अगले सप्ताह व्यवसायी वैभव रेखी संग विवाह बंधन में बंधेंगी।11 वर्ष तक साथ रहने के बाद 2019 में दोनों अलग हो गये थे। रिपोर्टों के अनुसार रेखी की पहली पत्नी योग और 'लाइफ स्टाइल' कोच सुनैना रेखी थीं। इन दोनों की एक बेटी हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा 15 फरवरी को एक समारोह में व्यवसायी वैभव रेखी के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। इस समारोह में दोनों के परिवार और करीबी मित्र शामिल होंगे। एक सूत्र ने को बताया, ''दीया की शादी परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में सोमवार को मुंबई में वैभव से होने जा रही है। यह एक निजी कार्यक्रम होगा।'' ''रहना है तेरे दिल में'', ''संजू'' और ''थप्पड़'' में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाने वाली मिर्जा कुछ समय से रेखी के साथ रिश्ते में थीं, लेकिन उन्होंने इसे कभी भी सार्वजनिक नहीं किया। इससे पहले 39 वर्षीय अभिनेत्री ने फिल्म निर्माता साहिल संघा से शादी की थी। 11 वर्ष तक साथ रहने के बाद 2019 में दोनों अलग हो गये थे। रिपोर्टों के अनुसार रेखी की पहली पत्नी योग और 'लाइफ स्टाइल' कोच सुनैना रेखी थीं। इन दोनों की एक बेटी हैं।

# तस्वीरों में देखें अमीषा पटेल का BOLD अंदाज









बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी बोल्ड फोटोज अपलोड कर फैन्स का चौन चुराती रहती हैं। फैन्स भी अमीषा की इन तस्वीरों पर प्यार लुटाते दिखाई देते हैं। आइए आज आपको दिखाते हैं अमीषा पटेल का हॉट अंदाज।



# पहाड़ी लोग सर्दियों में जरूर खाते हैं ये 5 स्वादिष्ट व्यंजन

पहाड़ों व शांत वातावरण में घूमना हर किसी को पसंद होता है। यहां के लोग प्राकृतिक के नजदीक होने के साथ दिखने में बेहद ही सुंदर होते हैं। असल में, यहां साफ वातावरण और खाने की हर चीज बेहद ही प्योर मिलती है। ऐसे में लोग यहां पर उगने वाले पेड़, पौधों, बीजों, फलों व सब्जियां, ड्राई फ्रूट्स आदि से खास डिशेज बना कर खाते हैं। ये सभी चीजें यहां पर उगने वाले खास मसालों से तैयार होने से टेस्टी और सेहतमंद होती है। इससे शरीर को गर्माहट मिलने के साथ इम्यूनिटी बढ़ने में मदद मिलती है। तो चलिए आज हम आपको पहाड़ों हिमाचल प्रदेश से लेकर उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में खाई जाने वाली खास डिशेज के बारे में बताते हैं। ऐसे में अगर आप कभी पहाड़ी क्षेत्र पर गए तो यहां का स्वाद चखना ना भूलें।

बबरू (पहाड़ी पूरी या कचौड़ी)

पहाड़ी लोग सर्दियों में खासतौर पर बबरू खाते हैं। इसे आटा, नमक, तेल मिलाकर आटे को गूंथ कर कचौड़ी या पूरी की तरह तेल में डीप फ्राई करके तैयार किया जाता है।

चौंसू

चौंसू गढ़वाल क्षेत्र में खाई जाने वाली बेहद ही मशहूर डिश है। इसे काले चने की दाल के साथ बनाकर चावल व रोटी के साथ खाया जाता है। इसमें प्रोटीन की मात्रा अधिक होने से इस डाइट में शामिल करना बेस्ट ऑप्शन हैं।

शाकुली (पहाड़ी पापड़)

भोजन के साथ बहुत से लोग पापड़ खाना पसंद करते हैं। ऐसे में आप पहाड़ी पापड़ शाकुली ट्राई कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए आटे, नमक, तेल से मिश्रण तैयार करके उबालते हैं। फिर 2–3 दिन धूप में सुखाया जाता है।

चना मद्रा

चना मद्रा हिमाचल के लोगों द्वारा खाई जाने वाली मशहूर डिश हैं। इसे काबुली चना को गाढ़े दही व मसालों में डालकर धीमी आंच पर बनाया जाता है। ऐसे में यह डिश बेहद ही टेस्टी होती है।

सिड्डू

पहाड़ों के लोग सिड्डू को खासतौर पर नाश्ते में खाना पसंद करते हैं। इसे पहाड़ी रोटी भी कहते हैं। सर्दियों में गर्माहट का अहसास लेने के लिए लोग इसका चाय के साथ सेवन करते हैं।



# मोच दर्द से तुरंत राहत दिलाएगी कच्ची रोटी, जान लें लगाने का तरीका

कई बार खेलते समय या अचानक ही हाथ–पैर मुड़ जाते हैं। ऐसे में मोच की परेशानी हो जाती है। इसके कारण शरीर में असहनीय दर्द होने के साथ सूजन की समस्या होने लगती है। असल में, मोच आने का कारण मांसपेशियों में खिंचाव होना होता है। यह शरीर पर बाहरी व आंतरिक दोनों तरीकों से असर डालती है। ऐसे में दर्द के साथ हाथ–पैरों की ठीक से हलचल नहीं हो पाती है, जिसके कारण चलते–फिरने व काम करने में परेशानी होती है। वैसे तो इससे आराम पाने के लिए क्रीम, स्प्रे आदि का इस्तेमाल किया जा सकता है। मगर आज हम आपको मोच के दर्द से छुटकारा पाने के लिए 1 देसी नुस्खा बताते हैं...

दर्द से राहत दिलाएगी कच्ची रोटी

सुनने में शायद आपको अजीब लग रहा होगा। मगर कच्ची रोटी से मोच वाली जगह पर पट्टी बांधने से आराम मिलता है। इसे आप ज्यादा मेहनत किए तैयार कर सकते हैं। इससे आपको दर्द से आराम मिलने के साथ मोच ठीक होने में मदद मिलेगी।

यूं करें इस्तेमाल

– इसके लिए आटे की एक लोइ बेलकर उसे एक साइड से हल्का–सा पका लें।

– फिर रोटी की कच्ची ओर से चुटकीभर हल्दी पाउडर–नमक और जरूरत अनुसार सरसों का तेल लगाएं।

– उसके बाद इसे मोच वाली जगह पर रखकर ऊपर से कॉटन के कपड़े या गर्म पट्टी से इसे कवर कर लें।

इस बात का रखें ध्यान

इसे बांधने से पहले इस बात का खास ध्यान रखें कि रोटी अधिक गर्म ना हो। इसे उतना ही गर्म रखें जितना आप सहन कर पाएं।

3–4 दिन में मिलेगा आराम

इस प्रक्रिया को लगातार 3–4 दिनों तक दोहराएं। पट्टी से प्रभावती जगह पर गर्माहट मिलने से दर्द कम होने के साथ मोच ठीक होने में मदद मिलेगी।

गेंहू आटे के फायदे

गेंहू के आटे में पौटेशियम, आयरन, फास्फोरस, कैल्शियम, बी–कॉम्पलेक्स, मैग्निशियम, एंटी–इंफ्लेमेटरी आदि गुण होते हैं। ऐसे में इससे शरीर को गर्मी मिलने के साथ दर्द व सूजन की समस्या कम होने में मदद मिलती है।

नमक और सरसों का तेल

नमक और सरसों का तेल में पोषक व एंटी–बैक्टीरियल गुण होते हैं। ऐसे में इसे इस्तेमाल करने से मोच का असहनीय दर्द, सूजन की परेशानी दूर होकर जल्दी ठीक होने में मदद मिलेगी।

हल्दी के फायदे

एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–वायरल, एंटी–इंफ्लेमेटरी, एंटी–सेप्टिक गुणों से भरपूर हल्दी दर्द व सूजन को कम करेगा। हड्डियों में मजबूती आने से जल्दी रिकवरी होगी।



# तला–भुना नहीं नाश्ते में खाएं 1 कटोरी कच्चा पनीर, मिलेंगे ये लाजवाब फायदे

ब्रेकफास्ट दिन का सबसे जरूरी भोजन है क्योंकि इससे ही मेटाबॉलिज्म रेगुलेट होता है और दिनभर शरीर में एनर्जी भी बनी रहती है। मगर, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप नाश्ते में क्या खा रहे हैं। ऐसे में आपको नाश्ते में तला–भुना, जंक फूड्स, हाई कैलोरी व फैट वाले फूड्स की बजाए हैल्दी ऑप्शन चुननी चाहिए। इसके लिए कच्चा पनीर बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

पनीर पकोड़े, शाही पनीर, पनीर कोफ्ता, पालक पनीर, पनीर सैंडविच या पनीर की भुर्जी का नाम सुनकर हर किसी के मुंह में पानी आ जाता है। मगर, कच्चा पनीर सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है। चलिए आपको बताते हैं इसके फायदे...

नाश्ते में खाएं कच्चा पनीर

–पनीर में भरपूर प्रोटीन होता है, जिससे ना सिर्फ मेटाबॉलिज्म बूस्ट होगा बल्कि आप ओवरइटिंग से भी बचे रहेंगे। दरअसल, पनीर को पचने में समय लगता है, जिससे आप ओवरइटिंग से बच जाते हैं। इसके अलावा इसमें आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व भी मौजूद होते हैं।

–आप लंच से 1 घंटा पहले या एक्सरसाइज के कुछ घंटों बाद भी इसका सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा रात को सोने से 1 घंटा पहले भी पनीर का सेवन फायदेमंद होता है।

– पनीर में काली मिर्च डालकर आप इसे सलाद की तरह भी खा सकते हैं।

चलिए आपको बताते हैं कच्चा पनीर खाने के फायदे

1. दिन भर रहेंगे एक्टिव

इसमें गुड फैट ज्यादा और ट्रांस फैट कम होता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है। साथ ही इससे शरीर को ऊर्जा भी मिलती है, जिससे आप दिनभर एक्टिव रहेंगे।

2. कार्बोहाइड्रेट में कम

100 ग्राम कच्चे पनीर में 1.2 ग्राम कार्ब्स होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं। प्रोसेस्ड चीज की तुलना में कच्चा पनीर सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है।

3. कैल्शियम से भरपूर

इसमें कैल्शियम की मात्रा भी भरपूर होती है, जिससे सिर्फ हड्डियों ही नहीं बल्कि दांतों को भी मजबूती मिलती है। इसमें मौजूद थर्मोजेनेसिस मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देता है, जिससे फैट तेजी से बर्न होता है।

4. डायबिटीज में फायदेमंद

डायबिटीज मरीजों के लिए भी कच्चा पनीर एक आदर्श नाश्ता है। इसमें ओमेगा–3 फैटी एसिड होता है, जिससे शुगर कंट्रोल में रहता है।

5. दिल को रखे स्वस्थ

इसमें ऐसे कई खनिज होते हैं, जो ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करते हैं। इससे दिन तक जाने वाली धमनियों व नसों में ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है और हार्ट डिसीज से बचे रहते हैं।

6. मजबूत पाचन क्रिया

इसमें फॉस्फोरस की अच्छी मात्रा होती है, जो पाचन और उत्सर्जन में मदद करता है। इससे आप पेट से जुड़ी समस्याओं से बचे रहते हैं। साथ ही इसमें मौजूद मैग्नीशियम कब्ज से भी बचाता है।

7. मानसिक तनाव

दिनभर काम करने के बाद स्ट्रेस और थकावट होना तो आम है लेकिन 1 बाउल कच्चा पनीर खाने से आपकी सारी थकावट दूर हो जाती है। इसलिए जब भी आपको स्ट्रेस या थकावट महसूस हो, कच्चे पनीर का सेवन करें। इसमें मौजूद अमीनो एसिड डिप्रेशन से भी बचाता है।

8. डायबिटीज का खतरा कम करे

पनीर इंसुलिन को बढ़ने से रोक सकता है, जिससे टाइप–2 डायबिटीज और दिल की बीमारियों का खतरा काफी कम हो जाता है। सेलेनियम में हाई होने के कारण ब्लड में एंटीऑक्सीडेंट प्रोटेक्शन बढ़ जाता है।

9. कैंसर से बचाव

इससे ना सिर्फ इम्यून सिस्टम मजबूत होता है बल्कि यह शरीर में कैंसर सेल्स को भी बढ़ने से रोकता है। इससे आप इस खतरनाक बीमारी से बचे रहते हैं।

# डायबिटीज मरीजों के लिए फायदेमंद हैं ये 4 वर्कआउट लेकिन सुबह करेंगे तो नहीं होगा फायदा



डायबिटीज यानि जिन्हें शुगर की समस्या होती है। आपने बहुत से ऐसे लोग देखे होंगे जो इस बीमारी के साथ–साथ मोटापे से भी परेशान होते हैं कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जिनका वजन इससे एकदम से ही कम हो जाता है लेकिन डायबिटीज के मरीजों को ऐसे समय में अपनी सहत का और अपने वजन का खास ख्याल रखना चाहिए। बहुत से ऐसे लोग हैं जो खाना खाने के बाद एक्सरसाइज करते या फिर सुबह वर्कआउट करते हैं लेकिन अगर आप सुबह या रात को सैर करते हैं तो इससे आपको फायदा कम होगा। तो चलिए आपको बताते हैं कि आप के लिए कौन सा समय बेहतर है।

रिसर्च में सामने आई यह बात

हाल ही में हुई एक रिसर्च की मानें तो अगर डायबिटीज के मरीज दोपहर में वर्कआउट या फिर एक्सरसाइज करेंगे तो उन्हें ज्यादा फायदा होगा और यह उनके शरीर के लिए बेहतर भी होगा। खासकर जिन्हें टाइप–2 डायबिटीज है उन्हें दोपहर में ही एक्सरसाइज करनी चाहिए इससे आपमें शरीर में ज्यादा सुधार देखने को मिलेंगे।

दोपहर के समय वर्कआउट करेंगे तो होगा फायदा

रिसर्च में यह बात भी सामने आई है कि दोपहर में एक्सरसाइज करने से आपकी शुगर काफी हद तक कंट्रोल में रहती है। इसलिए आपको दोपहर में ही एक्सरसाइज करनी चाहिए।

तो चलिए अब आपको कुछ ऐसे वर्कआउट के बारे में बताते हैं जिन्हें डायबिटीज के मरीज कर सकते हैं और उन्हें इससे काफी लाभ भी होंगे।

1. वॉकिंग करें

सेहत को हेल्दी रखने का सबसे आसान तरीका है कि आप वॉकिंग करें। अगर आपके पास जिम जाने का समय नहीं है तो आप घर की छत पर या फिर अगर आप ऑफिस में हैं तो आप लंच टाइम के बाद थोड़ी देर वॉकिंग करें इससे आपका वजन भी कम होगा और साथ ही आपकी शुगर भी कंट्रोल में रहेगी।

2. साइक्लिंग है बेस्ट

साइक्लिंग तो सभी एक्सरसाइज से बेस्ट एक्सरसाइज है। साइक्लिंग करने से आपके शरीर में एक्टिवनेस बनी रहती है। इससे आपकी हड्डियां भी मजबूत होती है। इसलिए अगर आप वॉकिंग नहीं करना चाहते को आप साइक्लिंग करें। बाजार जा रहे हैं तो कार या बाइक से नहीं बल्कि साइक्लिंग करते हुए जाएं।

3. योगा करें

योगा तो उन लोगों के लिए भी बेस्ट है जिन्हें कोई बीमारी नहीं है क्योंकि योग से आपको बहुत सारे लाभ होते है। इससे नींद न आने की समस्या दूर होती है तो वहीं ब्लड प्रेशर में भी सुधार होता है। आपकी शुगर भी कंट्रोल में रहती है।

4. जुम्बा एक्टिविटी करें

जुम्बा एक्टिविटी भी आपके लिए बेहतर रहेगी। इस पर हुई एक रिसर्च की मानें तो अगर आप अपनी रूटीन में एरोबिक डांस या फिर जुम्बा एक्टिविटी को एड करते हैं तो इससे आपके शरीर को काफी फायदे होते हैं।

इसके साथ–साथ आप अपना भोजन भी सही रखें। आप अपनी डाइट में यह चीजें एड करें।

. पपीता, चेरीज, तरबूज, हरी पत्तेदार सब्जियां, टमाटर, कद्दू के बीज भी डायबिटीज के मरीजों को खाना चाहिए

. चावल का दलिया, दूध और केला, हल्का बटर लगा 2 आटा ब्रेड

. दालें खाएं, हरी सब्जियां खाएं



# क्या प्रेगनेंसी में पीना चाहिए मेथी का पानी? जानिए एक्सपर्ट की राय

मेथी ना सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाती है बल्कि यह सेहत के लिए भी रामबाण औषधी है। वहीं, वजन घटाने के लिए लोग मेथी का पानी खूब पीते हैं। सेहत के लिए ओवरऑल मेथी का पानी भी फायदेमंद है लेकिन क्या प्रेगनेंसी में इसे पीना चाहिए। चलिए आपको बताते हैं गर्भवती महिलाओं के लिए कितना फायदेमंद है मेथा का पानी...

प्रेगनेंसी में मेथी का पानी कितना सुरक्षित?

प्रेगनेंसी में मेथी दाना खाना फायदेमंद होता है लेकिन लिमिट में। आप इसका पानी, साग भी खा सकती हैं। एक चम्मच मेथीदानों को 1 गिलास गुनगुने पानी में भिगोकर सुबह छालकर पी लें। खाली पेट इसका सेवन सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

प्रेगनेंसी में मेथी दाना खाने के फायदे

1. इससे शुगर लेवल कंट्रोल रहता है, जिससे जेस्टेशनल डायबिटीज का खतरा कम होता है। साथ ही इससे डिलीवरी के बाद दूध भी पर्याप्त मात्रा में बनता है।

2. मेथीदाने की चाय या पानी पीने से डिलीवरी के समय दर्द भी कम होता है साथ ही इससे हार्मोन्स का स्तर भी समान्य रहता है।

हो सकते हैं नुकसान भी...

1. भले ही इसका सेवन फायदेमंद हो लेकिन लिमित से अधिक मेथा दाना, पानी या इसका साग खाने से गर्भाशय में संकुचन होने लगता है , जिससे प्रीमेच्योर डिलीवरी, मिसकैरिज का खतरा रहता है। ऐसे में 37वें हफ्ते में इसका सेवन ना करें।

2. इसके अलावा अधिक मात्रा में इसका सेवन पेट फूलने, एसिडिटी, उल्टी– दस्त की समस्या हो सकती है।

3. साथ ही इससे शिशु में कोई जन्म विकार, हाइड्रोसेफलस, एनेंसफेली और स्पाइना बिफिडा विकसित होने का भी खतरा रहता है।

4. कई बार मेथी एलर्जिक रिएक्शन पैदा कर सकती है, जिससे सांस लेने में दिक्कत, छाती व गले में जकड़न, सीने में दर्द, त्वचा पर रैशेज, दाने, खुजली और सूजन की समस्या हो सकती है। यह बदबूदार पसीने और मूत्र का कारण भी बन सकता है।

5. एंटी–डिप्रेशन दवा ले रही हैं तो इसका सेवन बिल्कुन ना करें क्योंकि इससेमूड स्विंग, कंपकंपी और बेचैनी हो सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि मेथी खुद एक एंटी–डिप्रेशन की तरह काम करती है।

प्रेगनेंसी में कितनी लें मेथी?

भोजन पकाने के किए लिए 1–2 चुटकी मेथी का इस्तेमाल करें। अगर आप अलग से मेथी यूज कर रही हैं तो दिन में 5–6 ग्राम से ज्यादा ना लें। मेथी साग की बात करें तो प्रेग्नेंट महिला को एक बारे में 1 कटोरी साग खाने की सलाह दी जाती है।

ये लोग भी भूलकर ना करें सेवन

हॉर्मोन सेंसिटिव कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, लो ब्लड शुगर, लो ब्लड प्रेशर और डायबिटीज के मरीज भी मेथी पानी का सेवन ना करें। इससे आपकी समस्या बढ़ सकती है। जो लोग हाइपोग्लाइसीमिया के इंसुलिन या ड्रग्स, एंटी–डिप्रेशन मेडिसन ले रहे हैं वो भी इससे दूरी बनाकर रखें।

प्रेग्नेंसी के 9 महीनों में मेथीदाना खा सकती हैं लेकिन अगर कोई साइड इफेक्ट नजर आए तो इसे लेना बंद कर दें। वहीं, बच्चे, बूढ़े भी डॉक्टर की सलाह पर ही मेथी खाएं।

# कैबिनेट मंत्री ने आरद्ध के0मॉडर्न पब्लिक स्कूल व तथागत भगवान बुद्ध महाविद्यालय का किया लोकार्पण व शिलान्यास





अमिट रेखा – अरविंद कुमार तर्कशील

जंगल नौगांवा – कुशीनगर

जनपद के ग्राम पंचायत कुरमौल नाहर छपरा में बीते शुक्रवार के दिन उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने आर० के०मॉडर्न पब्लिक स्कूल व तथागत भगवान बुद्ध महाविद्यालय जंगल कुरमौल, नाहर छपरा कुशीनगर के लोकार्पण व शिलान्यास किया। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या ने जनता व किसानों को देखते हुए गदगद हो गए। स्वामी प्रसाद मौर्य ने संबोधन करते हुए कहा कि विद्यालय को खोलना एक मंदिर है। विद्यालय का लोकार्पण करते हुए कहा कि विद्यालय में हर वर्ग के बच्चों को पढ़ाया जाता है । इसलिए सभी बच्चों को पढ़ाई अत्यंत जरूरी है। इसी क्रम में उदाहरण देते हुए कहा की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संकल्प पर जोड़ दिया ।विद्यालय प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ–साथ जादूगर अरविंद कुमार ने अपने जादुई का प्रोग्राम दिखाते हुए लोगों को अंधविश्वास एवं ओझाओ सोखाओ से दूर रहने लिए कहा। साथ ही कहा अपने यूपी बिहार में सबसे ज्यादा पढ़े लिखे लोग भी अंधविश्वास में पड़कर अपना कीमती समय व धन बर्बाद करते हैं यहां तक कि इनके चक्कर में बच्चों की बलि भी दे दी जाती है और प्रशासन इन पर बनती कार्रवाई नहीं करता है अंत में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या से मोमबत्ती को जलवा कर गुलदस्ता भेंट करते हुए (तर्कशील जादूगर) अरविंद कुमार तर्कशील तथा अंत में मंत्री जी के द्वारा शाल ओढ़ाकर तर्कशील जादूगर को सम्मानित किया । इस दौरान व्यवस्थापक रामकृपाल कुशवाहा, हिरदेश कुशवाहा, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह ,किशोर यादव, शैलेंद्र शुक्ला , नरेंद्र वर्मा , रामचंद्र प्रसाद , कौड़ी प्रसाद , पहाड़ी, , रितिक सिंह ।,उमेश गुप्ता, संजय निषाद ,रामेश्वर प्रसाद डॉ उमेश कुमार गुप्ता इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## सड़क पर बहते नाले के पानी से राहगीरों को आने-जाने में हो रही है दिक्कत'

अमिट रेखा मेहरौना लार।

मेहरौना लार विकासखंड लार के मेहरौना गांव के चौराहे पर सड़क पर नाले का पानी बहने से राहगीरों को राह चलना दुश्वार हो रहा है आने जाने में गंदे पानी का छींटा लोगों पर पड़ रहा है नाले का पानी अब राम जानकी मार्ग पर भी ओवरफ्लो होने वाला है नाले के बहते पानी की वजह से आम जनमानस को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है नाले के बहते पानी के वजह से सड़क पर कीचड़ चारों तरफ फैल गया है जिसके वजह से आम जनता को काफी दिक्कत हो रहा हैं एक तरह

से देखा जाए तो स्वच्छ भारत मिशन का पोल खोलता नजर आ रहा है सड़क पर बहता हुआ नाले का गंदा पानी।

## खजनी क्षेत्र के आमी नदी का जलस्तर देख किसानों की चिंता बढ़ी

अमिट रेखा सत्य प्रकाश यादव

ब्यूरो गोरखपुर। छताई खजनी थाना व तहसील क्षेत्र में आमी नदी के उफान से हड़कम्प मच गया है । नदी के किनारे बसे गांव की खेती पर खतरे मंडराने लगे है। किसान चिंतित है । खजनी क्षेत्र के छताई ,विनायका ,रिक्शा नारा ,मंझरिया ,कटका, कुंई कोल ,गाडर, सहित दर्जनों गांव की खेती खतरे में पड़ सकती है । अचानक आमी नदी का जलस्तर लगभग तीन फिट बढा है । मंझरिया निवासी एडवोकेट अनूप सिंह उर्फ मोनू सिंह ने बताया की अगर जल स्तर का यही रप्तार रहा तो स्थिति खराब हो सकती है । नहरो का पानी आमी नदी में तेजी से आ रहा है । जिससे आमी अपने बढ़ोतरी पर है । किसान की फसल डूबने के कगार पर है । नदी का रप्तार इसी प्रकार रहा तो कई एकड़ भूमि जल मग्न हो सकता है । किसान के सिर पर चिंता की लकीरें देखी जा रही है । जनता नदी के उफान को देख घबड़ा गई है मंझरिया विनायका, सहित गाँव के किसान सेतभान यादव , श्रीराम सेवक, रघुनन्दन सिंह, उदय प्रताप सिंह का कहना है कि धान की फसल तो हम लोगो का हमेशा बर्बाद हो जाता है भरोसा केवल गेंहू की फसल का रहता है वो भी आमी का बढ़ते जलस्तर बर्बाद करने पर तुली हुई है सभी किसानों ने उच्च अधिकारी से पानी पर लगाम लगाने का गुहार कर रहे है।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली ने वृद्ध को मारी टक्कर, दर्दनाक मौत

अमिट रेखा अजय कुमार

मिल्कीपुर अयोध्या। खंडासा थाना क्षेत्र के अमानीगंज बाजार से सामान खरीदकर साइकिल से अपने घर वापस लौट रहे 60 वर्षीय वृद्ध को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली चालक ने टक्कर मार दिया जिससे वृद्ध की मौत हो गई है घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची खंडासा पुलिस ने ट्रैक्टर–ट्राली को कब्जे में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खंडासा थाना क्षेत्र के अटेसर गांव अंतर्गत पूरे खुशियाल निवासी 60 वर्षीय वृद्ध राम अवध पुत्र राम राज शनिवार को अमानीगंज बाजार सामान लेने गए थे सामान खरीद कर साइकिल से अपने घर वापस लौट रहे थे। अमानीगंज बाजार स्थित माइनर पुलिया के पास पहुंचे थे कि अनियंत्रित गोबर खाद लोड किए ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने साइकिल सवार वृद्ध को ठोकर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर मौजूद बाजार के व्यापारियों तथा अन्य राहगीरों ने आनन–फानन में घायल वृद्ध को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडासा पहुंचाया जहां अस्पताल के डॉक्टरों में वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मौके पर पहुंची खंडासा पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को भी कब्जे में ले लिया है। हालांकि तहरीर न मिलने की वजह से खंडासा पुलिस प्राथमिकी नहीं कर सकी है।

# खून का बदला खून से लो कहते हुए दी श्रद्धांजलि

अमिट रेखा जितेन्द्र कुमार सिंह

देवरिया।

रामपुर कारखाना देवरिया–आतंकी हमले का विरोध करते हुए छात्राएं और गांव के बुजुर्गों ने रामपुर चन्द्रभान गांव के मंदिर पर पहुंचे।शिव मंदिर पर ग्रामीणों ने एकत्रित होकर पुलवामा हमले में शहीद जवानों के नाम मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। छात्रों ने खून का बदला खून से 40 का बदला चार हजार से लो१आदि नारे लगाए।वहीं छात्रों ने पाकिस्तान का पुतला जलाया।आप को पाता होगा कि दो साल पहले कश्मीर के पुलवामा में आत्मघाती हमले में शहीद 40 सीआरपीएफ के जवानों ने देश के लिए सर्वोच बलिदान दिया था। इस हमले के दो साल बाद जम्मू में सीआरपीएफ के जवानों ने अपने साथियों को श्रद्धांजलि दी।पुलवामा हमले की दूसरी बरसी पर जम्मू में सीआरपीएफ की 76 वीं बटालियन ने इन शहीदों को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।

जम्मू–कश्मीर के पुलवामा में आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद के द्वारा कराए गए हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे। इस हमले के बाद देशवासियों में आक्रोश है।तो वहीं शहीद जवानों को देश के अलग–अलग राज्यों में श्रद्धांजलि अर्पित की है।इसमें अशोक सिंह, राजू सिंह,पप्पू,नीतीश, निखिल,मनीष,अमन,मनोज,रामप्रवेश,रामप्रकाश, रोहित,वी आई पी,राजेश,पीयूष,कृष्णा,अजय,भोलू शर्मा,अमित शर्मा,मंटू,आकाश,शिव शक्ति,महेश फौजी,सोनम,काजल,निभा,आदि छात्र रहे।

## खून का बदला खून से लो कहते हुए दी श्रद्धांजलि


अमिट रेखा जितेन्द्र कुमार सिंह

देवरिया।

रामपुर कारखाना देवरिया–आतंकी हमले का विरोध करते हुए छात्राएं और गांव के बुजुर्गों ने रामपुर चन्द्रभान गांव के मंदिर पर पहुंचे।शिव मंदिर पर ग्रामीणों ने एकत्रित होकर पुलवामा हमले में शहीद जवानों के नाम मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। छात्रों ने खून का बदला खून से 40 का बदला चार हजार से लो१आदि नारे लगाए।वहीं छात्रों ने पाकिस्तान का पुतला जलाया।आप को पाता होगा कि दो साल पहले कश्मीर के पुलवामा में आत्मघाती हमले में शहीद 40 सीआरपीएफ के जवानों ने देश के लिए सर्वोच बलिदान दिया था। इस हमले के दो साल बाद जम्मू में सीआरपीएफ के जवानों ने अपने साथियों को श्रद्धांजलि दी।

# लखनऊ के स्पा सेंटर्स और सैलून सेक्स रैकेट के हब, ऐसे चल रहा देह व्यापार

लखनऊ। लखनऊ के स्पा सेंटर्स सेक्स रैकेट का हब बन गए हैं। इन्दिरानगर में स्पा सेंटर और सैलून की आड़ लेकर सेक्स रैकेट चलाया जा रहा था। शनिवार को एडीसीपी उत्तरी ने टीम बनाकर छह जगह पर छापेमारी कराई। पुलिस के पहुंचने से स्पा सेंटर में अफरा तफरी मच गई। ग्राहक और युवतियां बचने के लिये बाहर भागने लगे। जिन्हें मौके पर ही पकड़ा गया। स्पा सेंटर संचालिका समेत 35 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह से जुड़े कई लोगों को पुलिस तलाश रही है। आठ टीमों ने एक साथ डाली रेड एडीसीपी प्राची सिंह ने बताया कि सैलून और स्पा में हो रहे देह व्यापार के बारे में जानकारी मिली थी। जिस पर कार्रवाई के लिये आठ टीमें बनाई गईं थी। छापेमारी की कार्रवाई की निगरानी वह खुद कर रहीं थीं। एसीपी महानगर योगेश कुमार,



इंस्पेक्टर इन्दिरा नगर अजय त्रिपाठी, इंस्पेक्टर गाजीपुर प्रशांत मिश्रा, इंस्पेक्टर गुड़ंबा फरीद अहमद, इंस्पेक्टर विकास नगर बृजेश सिंह और महिला दरोगा को टीमों के साथ लगाया गया था। इस दौरान इन्दिरानगर सेक्टर–12 ईश्वरपुरी स्थित अमाया हेवन सैलून एंड स्पा सेंटर, सेक्टट–19 ओम प्लाजा स्थित जस्ट हेवन सैलून, द माउंटेन सैलून, खुर्रमनगर स्थित द स्टाइलिश स्पा सेंटर, शिवाजीपुरम स्थित पर्पल आर्चिड और इन्दिरा नगर स्थित ब्यूटी एंड माइंड स्पा सेंटर से 15 युवक और 20 युवतियों को गिरफ्तार किया गया। जिनमें द मांउटन स्पा सेंटर की संचालित भी शामिल है। एडीसीपी के मुताबिक सेक्स रैकेट से जुड़ा आयुष साथियों संग परास है। सफेदपोश दर्ज कराते हैं आमद इन्दिरानगर में स्पा सेंटर की आड़ लेकर चल रहे सेक्स रैकेट सेंटर पर हुई कार्रवाई का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। वहीं, गिरफ्तार संचालिका ने पुलिस पर दबाव डालने का प्रयास किया। संचालिका का दावा था कि स्पा सेंटर और सैलून में सफेदपोश लोगों की आमद होती है। दो से दस हजार में होता था सौदा सैलून और स्पा सेंटर से पुलिस ने रजिस्टर और मोबाइल फोन बरामद किये हैं। जिनमें कई आपत्तिजनक मैसेज और फोटो हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक स्पा सेंटर में नियमित आने वाले ग्राहकों के नाम रजिस्टर में दर्ज हैं। ग्राहकों से सैलून और स्पा सेंटर संचालक दो से दस हजार रुपये तक वसूलते थे।



काकोरी के कलियाखेड़ा, बुधड़िया और पानखेड़ा में शनिवार की सुबह जब पांच युवकों व किशोर की मौत की सूचना मिली तो तीनों गांव में मातम छा गया। जब दोपहर बाद एक साथ कलियाखेड़ में चार युवकों की चिताएं जलीं तो गांव के लोगों की आंख में आंसू थे। हर किसी के जुबान पर एक ही सवाल था अब परिवारों को कौन संभालेगा।

## पंचायत चुनाव को लेकर एसडीएम की अगुवाई में पूराकलंदर थाने पर हुई बैठक

संवेदनशील, अतिसंवेदनशील बूथों पर हुई चर्चा

अमिट रेखा ब्यूरो–

मसौधा अयोध्या। पूराकलंदर थाना पर शुक्रवार को उपजिलाधिकारी सोहावल की अगुवाई में पंचायत चुनाव को लेकर बैठक हुई जिसमें संवेदनशील और अतिसंवेदनशील आदि मुद्दों पर चर्चा की गई इस बैठक में पुलिस अधिकारी के अलावा लेखपाल मौजूद रहे। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जहां गांव में सरगर्मी बढ़ गई है वहीं जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन भी तैयारी में जुट गया है उसी तैयारियों को लेकर शुक्रवार को उपजिलाधिकारी सोहावल के डी शर्मा के अगुवाई में एक बैठक हुई बैठक में एक–एक बिंदु पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि गांव में जाकर राजस्व निरीक्षक लेखपाल और पुलिस वाले पता करें कि कहां संवेदनशील और अतिसंवेदनशील है उसके बाद उसकी सूची बनाए जिसे ऊपर भेजी जाए जिससे चुनाव के दौरान सतर्कता बरती जा सके पूराकलंदर क्षेत्र में मसौधा और पूरा बाजार ब्लॉक के गांव आते हैं जहां 79 ग्राम पंचायतों में 228 बूथ हैं जिनके बारे में चर्चा हुई। इस अवसर पर एसडीएम सोहावल के डी शर्मा के अलावा क्षेत्राधिकारी अयोध्या अजय कुमार राय, पी पी एस प्रशिक्षु ध्पुलिस उपाधीक्षक श्रुति गुप्ता, थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार सरोज, चौकीप्रभारी भदरसा विनय कुमार सिंह सहित थाना के दरोगा राजस्व निरीक्षक प्रियंवदा मिश्रा और सोहावल तथा सदर तहसील के लेखपाल मौजूद रहे।

## हाई स्कूल की छात्रा ने झूल की आत्म हत्या

रामपुर भगन चौकी क्षेत्र के हरीपुर गांव की घटना

अमिट रेखा ब्यूरो

'अयोध्या'। रामपुर भगन चौकी क्षेत्र के हरीपुर गांव निवासी हाईस्कूल की छात्रा ने घर के आंगन के ओसारे से दुप्पट्टे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना के समय माँ स्थानीय धर्मपुर बाजार गई हुई थी। बाजार से लौटी माँ ने बेटी की लटकी लाश देख दहाड़ मार कर रोने लगी। तब तक ग्रामीण भी मौके पर पहुँच गये।सूचना पाकर इलाकाई रामपुर भगन चौकी पुलिस भी मौके पर पहुँच गई और लाश को नीचे उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम भेजने की कार्यवाही में जुटी थी।बताया गया कि फांसी के फंदे से लटकी गांव निवासी किशोरी बटनटी निषाद की बेटी शिल्पा थी जिसकी उम्र करीब 15 बर्ष और हाई स्कूल की छात्रा बताई गई है। किशोरी के पिता पंजाब शहर के चंडीगढ में रहकर कोई मजदूरी का कार्य करते हैं। चौकी प्रभारी रणजीत यादव ने घटना की पुष्टि करते हुये बताया कि लाश को पोस्टमार्टम भेजने की कार्यवाही की प्रक्रिया की जा रही हैं।

# शहीदों के परिवार के साक्षात्कार हर भारतीय के हृदय के लिये दुखदायक : प्रमोद तिवारी

लखनऊ,(यूएनएस)। केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य तथा आउट रीच एण्ड को–ऑर्डिनेशन कमेटी, उत्तर प्रदेश के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने कहा है कि आज ही के दिन 14 फरवरी, 2019 को जम्मू काश्मीर के पुलवामा में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपरएफ के 40 जॉबॉज जवान पाकिस्तानी सेना द्वारा किये गये कायरना हमले में शहीद हो गये थे। मैं उन अमर शहीदों के विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ, मुझे उन शहीदों की शहादत पर गर्व है। मुझे दो बातें बहुत पीड़ा देती है कि आज उन अमर शहीदों की शहादत को 2 वर्ष बीत गये है किन्तु उनके परिवारजनों के जैसा साक्षात्कार आ रहे हैं कि उन्हें अभी तक न तो पेंशन अथवा पेट्रोल पम्प की सुविधा दी गयी है और न ही अन्य कोई आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है, उनके परिवार द्वारा दिये गये साक्षात्कार बहुत ही पीड़ादायक और मन को झकझोर देने वाले हैं। श्री तिवारी ने कहा है कि आखिर इतना ''टन'' गोला–बारूद पाकिस्तान से कैसे आया? जवानों के अनुरोध के बावजूद भी उन्हें हवाई जहाज अथवा हेलीकाप्टर द्वारा क्यों नहीं ले जाया गया? शहीदों के परिवार के साक्षात्कार हर भारतीय के हृदय के लिये दुखदायक और मर्माहत करने वाले हैं। मैं उनके परिवार के दुःख को साझा करता हूँ और सरकार से मांग करता हूँ कि अगली बरसी तक शहीदों के परिवार को सभी सुविधायें मिल जानी चाहिए।

श्री तिवारी ने कहा है कि आज अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 59.47 डॉलर प्रति बैरल है, और मुम्बई में पेट्रोल की कीमत रु. 95.21 प्रति लीटर, तथा दिल्ली में रु. 88.73 प्रति लीटर और लखनऊ में रु. 87.44 प्रति लीटर है, इसी प्रकार डीजल की कीमत मुम्बई में रु. 86.04 प्रति लीटर, दिल्ली में रु. 79.06 और लखनऊ में रु. 79.43 प्रति लीटर है। किन्तु कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के समय दुनिया की बाजार में कच्चे तेल की कीमत 140 डॉलर प्रति बैरल होने के बावजूद भी रु. 55 प्रति लीटर तक ही पेट्रोल की कीमत थी, और डीजल की कीमत रु. 50 प्रति लीटर से कम हुआ करती थी।

## संस्कृति भाषा

संस्कृत भाषा जिसे हम देववाणी कहते हैं जो आर्य सभ्यता एवम संस्कृति को संरक्षित किये है आज अपने ही आर्य धरा पर उपेक्षा का शिकार है, और शायद अपने मौत के अंतिम पड़ाव पर है, जिस भाषा में कंप्यूटर अपना उच्चतम कार्य करें उसका अपने ही उत्पति स्थल पर सौतेला व्यवहार निंदनीय है, हम आधुनिकता के चादर में ऐसे लिपटे हुए हैं कि अपने बच्चों की स्कूली शिक्षा में इसको शामिल करने मैं अपने को अपमानित महसूस करते हैं, विश्व के कोने–कोने से संस्कृत का ज्ञान अर्जन करने के लिए छात्रों का भारत आना एवं विष्णु शर्मा रचित ग्रंथ पंचतंत्र एवं कालिदास रचित अभिज्ञान शाकुंतलम् जैसे संस्कृत ग्रंथों का , विश्व के अनेक देशों में अध्ययन अध्यापन इसकी महत्ता को दर्शाता भारत के गौरव को बढ़ाता है, जिस देश के इतिहास की नीव संस्कृत पर निर्भर है, उसे देश में संस्कृत का शुन्य की ओर अग्रसर होना दुखद है, भारतीय संस्कृत ग्रंथों की उपयोगिता को स्वीकार करते हुए अनेक मुगलकालीन एवं सल्तनत कालीन शासकों ने ना केवल संस्कृत ग्रंथों का अध्ययन किया बल्कि उसका अनुवाद भी करवाया, जिस योग की पताका आज पूरे विश्व में लहरा रही है और जिस आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का उपयोग इस समय हो रहा है सभी हजारों साल पूर्व रचित संस्कृत ग्रंथों का परिणाम है, वर्तमान में वैदिक संस्कृत की उपेक्षा का मूल कारण वर्तमान शिक्षा प्रणाली में इसको महत्व ना देना तथा आंग्ल भाषा के महत्व को स्वीकार करना है, अतः आवश्यक है कि प्राथमिक माध्यमिक एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में संस्कृत को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया जाए, ऐसा ना हो कि आने वाली नस्लें हमसे सवाल करें, और हम मूकबधिर बनकर अपने को अपमानित महसूस करें, संस्कृत अन्य भाषाओं की जननी ही नहीं बल्कि हमारे देश की सभ्यता संस्कृति एवं परंपरा की पहचान है, हम धन्यवाद देते हैं उन छात्रों को जो संस्कृत भाषा में अध्ययन एवं शोध कर रहे हैं जिनके कारण देव भाषा संरक्षित सुरक्षित एवम जीवित है।

लेखक

शिवेंद्र यादव

## विशुनपुरा थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन का कारोबार जोरो पर

अमिट रेखा – रमाशंकर सिंह

कुशीनगर

जनपद के तमकुहीराज सीओ सर्किल क्षेत्र के विशुनपुरा थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर अवैध बालू खनन का कारोबार रूकने का नाम नहीं ले रहा ।बालू खनन माफियाओ व्दारा लगातार खनन का कार्य किया जा रहा है । वहीं प्रशासन व्दारा खनन को लेकर कार्रवाई की बात की जा रही है लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल हवा हवाई ही है। बताते चलें कि खनन विभाग व पुलिस की मिलीभगत विशुनपुरा थाना क्षेत्र मे बालू के अवैध खनन का धंधा जोरो पर है। दिन ढलते ही सडक पर लदे वाहनों को देखा जा सकता है ।

# अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिला प्रभारी बने गुड्डु गुप्ता

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। महरजगंज अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन ( नई दिल्ली ) पूरे भारतवर्ष में सबसे आगे व सबसे स्क्रीय संगठन भारतवर्ष के हर एक राज्य व जिले में लोगो के बीच मे चर्चा का माहौल बना हुआ है स इस संगठन का और आज इसी क्रम में अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश यादव और अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के महराजगंज के जिलाध्यक्ष तबारक अली व उपाध्यक्ष पंकज मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में हेतराम गुप्ता उर्फ(गुड्डु गुप्ता) को अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जनपद महरजगंज के जिला वरिष्ठ प्रभारी बना कर संगठन के दायित्वों को सौंपा स और इस संगठन को देखते हुए स हेतराम गुप्ता उर्फ( गुड्डु गुप्ता) ने संगठन के कार्यो को बखूबी निर्वहन करने का भरोसा



दिया स तथा सपथ लिया कि हम संगठन के कार्यो को तन,मन,धन व संबैधानिक नियमो का पालन करते हुए निर्वहन करूँगा। और अपेक्षा की गयीं की केवल जनपद महराजगंज में नही बल्कि पूरे भारत मे समाज मे व्याप्त भ्रष्टाचार, उत्पीड़न, शोषण,भय,आतंकवाद, व मानवाधिकार जैसे हनन घटनाओं पे हमारी कड़ी नजर रहेगा और शासन प्रशासन को घटनाओ से अवगत कराते हुए उनके सहयोग पीड़ित ब्यक्तिओ को जनहित व न्याय दिलाने का कार्य करूँगा स हेतराम गुप्ता उर्फ( गुड्डु गुप्ता)ने एक बात और कहा कि अगर जनपद महराजगंज में मानवाधिकार जैसे किसी का हनन हो रहा है तो मैं बेखौफ होकर न्याय दिलवाने का काम करूंगा और हमको कभी यह जानकारी कि नौतनवां में थाना ,तहसील,ब्लाक ,व सरकारी काम काज में पुलिस प्रशासन व अधिकारी गरीबो से रिस्वत व किसी कार्य के लिए परेशांन कर रहे है तो उन सब के खिलाफ बेखौफ होकर कार्यवाही करवाने का प्रयास करूंगा।

# थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने फरियादियों की सुनी समस्या-

अमिट रेखा ब्यूरो

मिल्कीपुर, अयोध्या। शनिवार को सीओ सर्किल मिल्कीपुर के सभी थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित होकर फरियादियों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी–अपनी समस्या सुनाई। जिसे निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। इसीक्रम में कुमारगंज



थाने पर तहसीलदार मिल्कीपुर अरबिंद त्रिपाठी और कोतवाली थाना इनायतनगर पर एसडीएम मिल्कीपुर दिग्विजय प्रताप सिंह एवं थाना खण्डासा में नायब तहसीलदार मिल्कीपुर ने जनता की समस्याओं को सुनकर निस्तारण का निर्देश दिया।

तहसीलदार अरविंद त्रिपाठी की अध्यक्षता में कुमारगंज थाने पर आयोजित थाना दिवस में पांच

मामले आए सभी मामले जमीन विवाद से जुड़े थे। तहसीलदार ने सभी मामलों के निस्तारण के लिए राजस्वकर्मियों को सौंप दिया।

वहीं एसडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में थाना कोतवाली इनायतनगर थाने पर आयोजित समाधान दिवस के मौके चार शिकायत प्राप्त हुई दो मामले राजस्व तथा दो पुलिस से संबंधित थे। जिसमें से पुलिस से संबंधित दोनों मामलों का निस्तारण मौके पर ही पुलिस द्वारा करा दिया गया। वही नायब तहसीलदार मिल्कीपुर की अध्यक्षता में खण्डासा थाने में आयोजित समाधान दिवस में कुल तीन मामले आए जो राजस्व से संबंधित थे मौके पर एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो पाया निस्तारण के लिए टीमें गठित कर भेजी गई है।

# 'देवरिया के तरकुलवा ब्लॉक में चलाया जा रहा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान'

अमिट रेखा भोला यादव

कंचनपुर देवरिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तरकुलवा में सहायक कुष्ठ चिकित्सक मुन्ना यादव द्वारा तरकुलवा के विद्यालय के शिक्षक, छात्र एव छात्राएं अभिभावक और गावँ के लोगो को लगातार जानकारी दी जा रही है मुन्ना यादव द्वारा आज दिनांक 13ध02ध21 को मुंडेरा बाबू,पिपरहिया, जमुनी गांवो और विद्यालयो में कुष्ठरोग के लक्षण ,बचाव,उपचार,और सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया ,उन्होंने बताया कि कुष्ठरोग की दवा सभी सरकारी अस्पतालों पर मुफ्त उपलब्ध है साथ मे डाक्टर अशरफ सिद्दीकी ने बताया कि कुष्ठरोग की पहचान जितनी जल्द की जाए उतना ही अच्छा है ,दवा समय से और पूरा खुराक खाने से मरीज विकलांग होने से बच जाएगा, अधीक्षक डाक्टर अमित कुमार ने बताया कि कुष्ठरोग से विकलांग हुए रोगियों को सरकार द्वारा 2500 रुपया महीना पेंशन दिया जा रहा है।




# छठवीं बार आरोग्य मेला का आयोजन किया गया डॉक्टर अंग्रेज सिंह अधीक्षक बनकटी

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। आज दिनांक 14ध02ध2021 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महादेवा दुबे जनपद महाराजगंज पर पुनरू छठवीं बार




मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन अधीक्षक डॉक्टर अंग्रेश सिंह के नेतृत्व में किया गया, डॉक्टर अखिलेश पटेल, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक केशव शुक्ला, लैब टेक्नीशियन गौरी शंकर त्रिपाठी, डॉ विशाल चतुर्वेदी, विद्या चौहान, फार्मासिस्ट यशोदा नंदन मिश्र ,जयप्रकाश सिंह, अमित पांडे, राममिलन, रंजना, धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में किया गया, स्वास्थ शिविर में समस्त मरीजों का क्षय रोग की जांच एवं निक्षय पोषण योजना के तहत क्षयरोगियों को मिलने वाले प्रोत्साहन राशि रुपये 500 प्रतिमाह के बारे में जानकारी दी गई , कोविड–19 की जांच, स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शपथ दिलाया गया, मधुमेह रोग, आयुष्मान गोल्डन कार्ड एवं समस्त रोगों की जांच की जा रही है।

# 'राम सदल गौतम की अंतिम यात्रा में शामिल होने पहुंचे पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद'

### 'मृतक के परिवारजनों को १० लाख मुआवजा दे विश्वविद्यालय प्रशासन'



अमिट रेखा ब्यूरो मोहम्मद हसन

अयोध्या। मिल्कीपुर क्षेत्र के थाना कुमारगंज अंतर्गत ग्राम सभा धमथुआ पूरे तुलसीराम गांव निवासी राम सदल गौतम आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कार्यरत थे। बीते रविवार को उनके अधिकारियों ने अपने विश्वविद्यालय स्थित मकान पर छप्पर जाने के लिए उन्हें अपने घर पर बुलाया था। छप्पर उठाते वक्त रामसरन छत से नीचे गिर गए। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई और आनन–फानन में उन्हें जिला चिकित्सालय फैजाबाद एडमिट कराया गया। जहां पर डाक्टरों ने उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। शुक्रवार को राम सदल गौतम की मृत्यु हो गई। जिसकी सूचना पाकर उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अवधेश प्रसाद उनके गांव तुलसीराम का पुरवा पहुंचे। और उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए इस मौके पर श्री प्रसाद ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए राम सदल का योगदान अत्यंत ही सराहनीय रहा। उन्होंने अपना पूरा जीवन विश्वविद्यालय और समाज के लिए समर्पित किया था। आज उनकी अंतिम यात्रा में विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से किसी भी अधिकारी कर्मचारी करना पहुंचना अत्यंत ही निंदनीय हुआ दुखद है। उत्तर प्रदेश शासन और विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग कि राम सदल के परिवारजनों को एक सरकारी नौकरी वह ध10 लाख रुपए मुआवजा दे। समाजवादी पार्टी शोक संतृप्त परिवार के साथ खड़ी है। इस मौके पर श्री प्रसाद ने राम सदल गौतम की अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें कंधा भी दिया और परिवार को ढाढश भी बधाया। इस मौके पर सपा नेता अवधेश यादव, आनंद यादव, मुन्ना पांडे, शशांक शुक्ला सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 'पिस्टल सटाकर बाइक और पाच हजार लूटे'

अमिट रेखा सत्य प्रकाश यादव

ब्यूरो गोरखपुर। उनवल खजनी थाना क्षेत्र के डूमरघाट के आगे कुटिया के पास दो बदमाशों ने बाइक सवार युवक शनिवार की रात लिफ्ट के बहाने से रोका । युवक के रुकते ही बदमाशों ने उस पर पिस्टल तान कर जानमाल की धमकी देते हुए उसके पास मौजूद ध5000 नगदी और बाइक लूटकर फरार हो गए। नगर पंचायत उनवल निवासी राहुल शर्मा पुत्र स्वर्गी रामवृक्ष शर्मा गोरखपुर शहर स्थित नीलांश कंपनी में नौकरी करता है। शनिवार को कार्यस्थल से छूटने के बाद वह अपनी बाइक से घर जा रहा था। रात 8 बजे के आसपास जैसे ही वह डूमरघाट के आगे कुटिया के पास पहुंचा की दो युवकों ने लिफ्ट देने के बहाने उसे रोका। राहुल के मुताबिक बदमाशों ने उस पर पिस्टल तान दी। मारपीट कर जेब की तलाशी ली जेब में मौजूद पाच हजार रूपए नगदी और बाइक लूट कर फरार हो गये। लूट की सूचना पर खजनी थाना अध्यक्ष मृत्युंजय राय, उनवल चौकी इंचार्ज सुनील कुमार कश्यप, महुआ डाबर चौकी इंचार्ज श्री भगवान चौधरी मौके पर पहुंचकर जांच की।



# पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को किया गया श्रद्धांजलि अर्पित

### बाबा नेटुआ वीर शिक्षण संस्थान के द्वारा वीर जवानों को कैंडल मार्च कर दी गई श्रद्धांजलि'

एक दीप शहीद भाइयों के नाम

अमिट रेखा – प्रदीप कुमार श्रीवास्तव

'गोडरीय – कुशीनगर' ।जनपद में पुलवामा में शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि सुमन जगह जगह कैंडल मार्च निकालकर मनाया गया जिसके अनुक्रम में श्री सुदामा जी स्मार्ट इंटरमीडिएट कॉलेज शुक्ला ही निकट चिरकुटवा दुदही कुशीनगर में विद्यालय के शिक्षक और छात्र छात्राओं द्वारा शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वही ग्राम सभा मठिया माफी में राजन वर्मा के नेतृत्व में 14 फरवरी की पुर्व संध्या पर पुलवामा मे शहीद हुये भारत मॉ के 44 वीर सपुतो को श्रद्धांजलि अर्पित करके मठिया माफी (पंचायत भवन) से गोड़रिया चौराहा तक कैन्डल मार्च निकाला गया जिसमे हम सभी के अभिभावक विजय सिंह (ग्रामसभा मठिया माफी के प्रधान) , कमल कुशवाहा , अरविंद यादव , वीरेंद्र वर्मा , दुदही के नगरमंत्री राजन मौर्य , नगर उपाध्यक्ष दीपक कुशवाहा, नगर सोशल मीडिया प्रमुख,पंकज कुशवाहा, रवि श्रीवास्तव,अरशद अंसारी , आशुतोष श्रीवास्तव, पवन गौतम,, अजय यादव,राहुल रौनियार , रवि गौतम, अरुण शर्मा,दीपक मद्धेशिया ,अरमान , रामू, आदित्य, संतोष , सूरज, सुलतान, रितेश यादव, बबलू, विशाल मिश्रा, मनीष, नीतीश, विशाल पटेल, विकाश , साहिल हुसैन , कमरान व ।इअच के सभी सदस्य अन्य सैकड़ो युवा साथी मौजूद रहे। तथा इसी क्रम में नेटुआविर बाबा आर्मी शिक्षण संस्थान बड़हरा दुदही कुशीनगर पुलवामा में शहीद हुए सभी भाइयो को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दिया गया। जिसमे उपस्थित चंदन गुप्ता ,राहुल यादव ,राहुल सिंह ,इरफान, हरकेश ,अभय, अजित गोंड, मनोज यादव दुर्गेश सोनू सोनी बबलू प्रभुनाथ, नागेन्द्र पाल



बृजेश सचिन धीरज रामभजु, करण इत्यादि कैंडल मार्च कर पुलवामा में शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि समर्पित किया गया।

## शहीद पंकज त्रिपाठी के गांव पहुंचकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दी श्रद्धांजलि

अमिट रेखा ब्यूरो महराजगंज। कश्मीर के पुलवामा जिले में हुए आत्मघाती हमले की आज दूसरी बरसी है। इस मौके पर शहीद पंकज त्रिपाठी के गांव पहुंचकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने उन्हें श्रद्धांजलि दी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धांजलि की अर्पित 14 फरवरी का दिन भारत के इतिहास में सबसे दुखद दिन था, जब कश्मीर के पुलवामा जिले में जैश–ए–मोहम्मद के एक आतंकवादी ने विस्फोटकों से लदे वाहन से सीआरपीएफ जवानों की बस को टक्कर मार दी, जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। इसी हमले में महराजगंज के पंकज त्रिपाठी भी शहीद हुए थे। आज पुलवामा आतंकी हमले की द्वितीय बरसी पर शहीद पंकज त्रिपाठी के हरपुर बेलहिया गांव जिलाधिकारी उज्ज्वल कुमार और पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने पहुंच कर शहीद पंकज त्रिपाठी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। शहीद पंकज त्रिपाठी के गांव पहुंचकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने उन्हें श्रद्धांजलि दी इस दौरान उन्होंने कहा की हमे शहीद पंकज त्रिपाठी पर गर्व है कि उन्होंने देश के लिए अपनी बलिदान दे दी। सीआरपीएफ के 53वीं बटालियन के कांस्टेबल पंकज कुमार त्रिपाठी महाराजगंज जिले के हरपुर गांव के रहने वाले थे।

# शव की खबर सुन एस . पी. पहुचे बघौचघाट

### नहर में मिला विवाहिता का शव ,पिता ने लगाया हत्या का आरोप

पुलिस ने शक के दायरे में ससुराल वालों को उठाया

15 वर्ष पूर्व हुई थी महिला की शादी

ब्यूरो देवरिया। जनपद देवरिया के स्थानीय थाना क्षेत्र बघौचघाट के अंतर्गत सेमरी गाँव के उत्तर नहर के पुलिया के नीचे आज दिन शनिवार की शाम को एक विवाहिता का शव मिला। शव मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुची और शव के शिनाख्त का प्रयास करने लगी ।शव मिलने के तीन घण्टे बाद मृतका के पिता ने शव की पहचान की, पिता ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री को ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे उन्होंने ही उसकी हत्या की है।



ग्राम बजरहा थाना बघौचघाट निवासी पिता मुलाजिम अंसारी घटना स्थल पर पहुच कर शव को देखते ही रो पड़े उसने शव का शिनाख्त अपनी पुत्री अफसाना खातून उम्र 34 वर्ष के रूप में किया।मृतका के पिता ने बताया कि मैंने अपनी पुत्री की शादी बघौचघाट थाना क्षेत्र के शेख सेमरी गाव निवासी एक युवक से किया था। बेटी के ससुराल के लोग उसे हमेशा प्रताड़ित करते रहते थे।उन्ही लोगों ने मेरी पुत्री की हत्या कर दी है।शव का शिनाख्त होते ही पुलिस की एक टीम मृतका के ससुराल पहुची एवं घर के लोगो को पकड़ कर लाई। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्डम के लिए देवरिया भेज दिया। इसके पूर्व थाना प्रभारी ने इस कि सूचना अपने उच्चादिकारियो को दी थी । सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी सदर निष्ठा उपाध्याय भी घटना स्थल पर पहुची और उन्होंने पुलिस को आवश्यक निर्देश दिया।इस बावत सीओ सिटी ने कहा कि मृतका की शिनाख्त हो चुकी है पुलिस तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज करेगी। देखते ही देखते देवरिया कप्तान भी घटना स्थल पर आ पहुचे , एसपी देवरिया श्रीपति मिश्रा ने ससुराल के लोगो से पूछ–ताछ किया एवं परिवार के लोगो को थाने पर भेजवा दिया प्राप्त जानकारी के मोताबिक ससुराल पक्षों से पुलिस पूछ– ताछ कर रही है पुलिस जल्द ही इसका पर्दाफास करेगी।

# शहीद पंकज त्रिपाठी के गांव पहुंचकर नगर अध्यक्ष राजेश जायसवाल ने श्रद्धांजलि दिया

अमिट रेखा अखिलेश शर्मा तहसील प्रभारी

फरेंदा महराजगंज। पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए



हमारे क्षेत्र के जवान शहीद पंकज तिपाठी के घर पहुंच कर उनके द्वितीय पुण्यतिथि उनके मूर्ति पर पुष्पांजलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी साथ मे सभासद महेश लोहिया अंजुला अग्रहरी विशाल वर्मा अजित चौरसिया हरिद्वार पाण्डेय कमलेश शर्मा,चंचल जायसवाल, आशिष जायसवाल उपस्थित रहे।

# प्रेमी की पीट-पीटकर हत्थ्या के मामले में गर्लफ्रेंड और मौसी गिरफ्तार

'पांच के खिलाफ गैर इरादतन हत्थ्या का केस'

'अमिट रेखा सत्य प्रकाश यादव'

'ब्यूरो गोरखपुर'। गोरखपुर के बड़हलगंज कस्बे से सटे बसावनपुर गांव में रात को रिश्तेदारी में रह रही युवती से मिलने आए उसके प्रेमी को घरवालों ने रंगेहाथ पकड़ लिया और इतनी पिटाई की कि उसकी अस्पताल में मौत हो गई। प्रेमी के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने प्रेमिका और उसकी मौसी सहित पांच लोगों के खिलाफ मारपीट, साजिश और गैरइरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज कर प्रेमिका और उसकी मौसी को हिरासत में ले लिया है।

मऊ जनपद के रामपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी आकाश यादव गुरुवार की रात अपने प्रेमिका से मिलने बड़हलगंज इलाके के गांव में आया था। इस बात की भनक मिलते ही युवती के घरवाले और रिश्तेदारो ने मिलकर युवक को पकड़ लिया और मारपीट कर मऊ जनपद के मधुबन थाना क्षेत्र में फेंक दिया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. - 9532989009

उप सम्पादक - के.के. राय

सह. सम्पादक- चन्द्रशेखर यादव

प्रदेश प्रभारी- राजू प्रसाद श्रीवास्तव
मो०- 9792617070

विज्ञापन व्यवस्थापक- नसरूल्लाह अंसारी

प्रबंधक- निखिल कुशवाहा

ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com

समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।